

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

स्पर्श ऊर्जा का अनोखा...... जागरूगता सावधानी से .......

वर्ष : 11 | अंक : 338 | लखनऊ, 28 नवम्बर, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए





## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्रालय को दी सलाह

# दिव्यांगों की गरिमा की रक्षा को एससी-एसटी एक्ट जैसा प्रावधान करें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिव्यांग लोगों की गरिमा की रक्षा के लिए सख्त कानून की जरूरत पर जोर दिया। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह ऐसा कानून बनाने पर विचार करे, जिसमें दिव्यांगों या दुर्लभ अनुवांशिक बीमारी के पीड़ितों का मजाक उड़ाने या अपमान करने करने को ठीक उसी तरह अपराध बनाया जाए, जैसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम में प्रावधान है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच ने कहा कि आप अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम जैसा कड़ा कानून क्यों नहीं बना सकते, जिसमें अपमान करने पर सजा है? शीर्ष कोर्ट एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### ऑनलाइन अवैध सामग्री पर नियंत्रण के लिए स्वायत्त संस्था बने



भारत का सुप्रीम कोर्ट

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता केंद्र की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि किसी की गरिमा की कीमत पर हास्य नहीं हो सकता। उन्होंने कोर्ट की इस टिप्पणी की सराहना की। बेंच ने यह भी कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील, आपत्तिजनक या अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था की जरूरत है।

### सार्वजनिक चर्चा के लिए दिशा-निर्देश जारी करे मंत्रालय

दिव्यांग व्यक्तियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर दिशानिर्देश बनाने के मुद्दे पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कुछ दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। बेंच ने कहा दिशानिर्देशों को सार्वजनिक चर्चा के लिए जारी करें।

## मजाक उड़ाने पर सख्त प्रावधान तैयार किए जाएं

### समय रैना को करना होगा दिव्यांग लोगों के लिए कॉमेडी शो

कोर्ट ने समय रैना और अन्य कॉमेडियन्स को दिव्यांग लोगों के लिए शो करने का आदेश दिया है।



कोर्ट ने कहा कि यह रैना और बाकी कंटेंट क्रिएटर्स पर निर्भर है कि वे दिव्यांग व्यक्तियों को कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए राजी करें। इसके अलावा विपुल गोयल, बलराज परमारजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, आदित्य देसाई और निशांत जगदीश तंवरको भी कहा है। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे हर महीने कम से कम दो कार्यक्रम करें, ताकि दिव्यांगों के इलाज के लिए कोष में मदद मिले।

**अगली सुनवाई से पहले कुछ यादगार कार्यक्रम हो जाएंगे**

हम यह काम प्रतिवादी नंबर 6 से 10 पर छोड़ते हैं कि वे दिव्यांग व्यक्तियों को अपने प्लेटफॉर्म पर आमंत्रित करें, ताकि फंड जुटाने की इस मुहिम को आगे बढ़ाया जा सके। हम उम्मीद करते हैं कि अगली सुनवाई से पहले कुछ यादगार कार्यक्रम हो जाएंगे। हर महीने दो कार्यक्रम किए जाएं।

### 1 दिसंबर तक करें इंतजार कुछ बड़ा बदलाव होगा

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा है कि एक दिसंबर से कुछ नया होने वाला है। उन्होंने केस मेंशन करने आए एक वकील की दलील सुनने के बाद कहा कि एक दिसंबर तक रुकिए। हम कुछ प्लान कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सुधारों का पहला सेट 1 दिसंबर से लागू होगा।जस्टिस कांत की यह टिप्पणी केस मेंशनिंग सिसटम में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने इसी संकेत को डिकोड करते हुए कहा कि मैं 1 दिसंबर से कुछ कर रहा हूं।

## 'सर' पर सुनवाई के दौरान किया सवाल

### घुसपैठियों को 'आधार', क्यों मिले वोट देने का अधिकार

एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में बवाल हो रहा है। इस बीच एसआईआर पर सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने घुसपैठियों या गैर-नागरिकों द्वारा



लंबे समय तक रहने के कारण आधार कार्ड बनवाने पर चिंता जताई। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जोर दिया कि आधार सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्रदान करता है, लेकिन इससे गैर-नागरिकों को स्वतः ही मतदान का अधिकार नहीं मिल जाना चाहिए।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

## खबर संक्षेप

### 305 करोड़ की टैक्स सैम्प्स योजना को दी मंजूरी


नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को टैक्स रैम्प्स योजना को मंजूरी दे है। इस पहल का उद्देश्य भारत के



टेक्सटाइल सेक्टर में शोध, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाना है। यह योजना 2025-26 से 2030-31 की अवधि के लिए लागू होगी और लागत 305 करोड़ रुपए है। यह बात केंद्रीय मंत्रा गिरिराज सिंह ने कही।

### पीएम कल डीजीपी आईजीपी सम्मेलन में


नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी 29-30 नवंबर को भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में महानिदेशक/



पुलिस महानिरीक्षक के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' विषय पर इस सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद पुलिसिंग में फोरेंसिक विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर चर्च होगी।

### गडकरी ने एनएचएआई को गुणवत्ता के निर्देश दिए

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और गुजरात के सीएमभूपेंद्र



पटेल ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एनएचएआई के अधिकारियों और ठेकेदारों को सड़कों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया, अगले साल होगी लॉन्चिंग

# भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार 300 किलो के सैटेलाइट अंतरिक्ष में ले जाएगा

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने 2018 में की थी। यह दोनों आईआईटी पासआउट हैं और इसरो के पूर्व साइंटिस्ट रह चुके हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस सेक्टर तेजी से बदल रहा है और देश ने 'विश्वसनीयता, क्षमता और मूल्य' के आधार पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की नवाचार और जोखिम लेने की क्षमता नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले वर्षों में भारत सैटेलाइट लॉन्चिंग में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि सरकार 'नेशनल रिसर्च फाउंडेशन', 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' और 1 लाख करोड़ रुपए के रिसर्च और इनोवेशन फंड जैसे प्रयासों के जरिए युवाओं के लिए बड़े अवसर खोल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेस सेक्टर में भारत की क्षमताएं दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों के बराबर हैं और पिछले छह-सात वर्षों में इस क्षेत्र को खुला और नवाचार-प्रधान बनाया गया है।

**2026 में लॉन्च होने वाले रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर**

**स्कायरूट इससे पहले नवंबर 2022 में विक्रम-एस लॉन्च कर चुका है**

### *चार चरणों में बना है विक्रम-1, क्षमतानुसार दिए अलग अलग नाम*



पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया

विक्रम-1 को चार चरणों में बनाया गया है। पहला चरण, कैलाम-1200, एक बड़ा सॉलिड-फ्यूल बूस्टर है जो शुरुआती थ्रस्ट प्रदान करता है। दूसरा चरण, कैलाम-250, मध्य-उड़ान में रॉकेट को आगे बढ़ाता है। तीसरा चरण, कैलाम-100, अंतरिक्ष के वैक्यूम में काम करता है और विशेष कार्बन एब्लेटिव नोजल तथा ईपीडीएम थर्मल प्रोटेक्शन से लैस है। चौथे चरण में चार रमन इंजन लगे हैं, जो हाइपरगोलिक ईंधन पर चलते हैं और कक्षा में पहुंचने के बाद बेहद सटीक दिशा नियंत्रण और उपग्रहों की सही स्थिति तय करने में मदद करते हैं। स्कायरूट ने 3डी-प्रिंटेड लिक्विड इंजनों का भी इस्तेमाल किया है, जिससे रॉकेट का बजन काफी कम हुआ है और निर्माण समय भी घटा है। कंपनी ने बताया है कि विक्रम-1 की पहली उड़ान 2026 की शुरुआत में प्रस्तावित है। यह रॉकेट प्राइवेट सैटेलाइट के लिए समर्पित लॉन्च, राइडशेयर मिशन और एक ही उड़ान में अलग-अलग कक्षाओं में उपग्रह भेजने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### 2 लाख वर्ग फिट में है नया इन्फिनिटी कैंपस

स्कायरूट का नया इन्फिनिटी कैंपस लगभग 2 लाख वर्ग फिट में बना एक अत्याधुनिक केंद्र है, जहां रॉकेट का डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग एक ही जगह की जा सकती है। कंपनी का कहना है कि यह सुविधा हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाने की क्षमता रखती है। स्कायरूट एयरोस्पेस की स्थापना आईआईटी के पूर्व छात्रों और इसरो के पूर्व वैज्ञानिक पवन चंदना और भरत डाका ने की थी। विक्रम-एस मिशन की सफलता के बाद स्कायरूट भारत का पहला स्टार्टअप बना जिसने श्रीहरिकोटा से रॉकेट लॉन्च किया।

### पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल

*विक्रम-1 स्कायरूट का पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है, जो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के लिए बनाया गया है। इसका नाम भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। 20 मीटर ऊँचा और 1.7 मीटर व्यास वाला यह रॉकेट पूरी तरह कार्बन-कॉम्पोजिट सामग्री से बना है और 1200केएन का थ्रस्ट पैदा करता है। इसकी क्षमता मिशन के आधार पर 260 से 480 किलोग्राम तक भार को लो-अर्थ या सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट में ले जाने की है।*

## दावों की बताई हकीकत

### डील रद्द नहीं हुई, आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं, एसयू-30 जेट चाहता है



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दुबई में एयर शो के दौरान भारत के तेजस लड़ाकू विमान के क्रैश होने के बाद कई तरह की बातें सामने आई हैं। इनमें कई तेजस की डील से भी जुड़ी हैं। खासतौर से इजराइली मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में दावा किया गया है कि दुबई क्रैश के बाद आर्मीनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने की बातचीत रोक दी है। हालांकि इन दावों में सच्चाई नहीं है। एक्सपर्ट ने बताया है कि आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं एसयू-30 जेट चाहता है। कुछ प्लेटफॉर्म ने दावा किया है कि आर्मीनिया की भारत सरकार और एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी एचएएल के साथ 1.2 अरब में 12 तेजस खरीदने की डील कैंसिल हो गई है। यह दुबई एयरशो में तेजस फाइटर जेट के क्रैश होने के बाद हुआ है। यह 24 सालों में इस एयरक्राफ्ट के हादसे का शिकार होने का दूसरा मामला है। खबरों के मुताबिक, दुबई में सिंगल-इंजन, 4.5-जेनरेशन का लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके 1 हादसे का शिकार हुआ। भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट के लिए इसे बड़ा झटका माना गया है। दुबई एयरशो पेरिस और फार्नबोरो के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहां से तेजस के संभावित खरीदारों को लुभाया जा सकता था।

### क्या-क्या हुए दावे, सभी को किया खारिज

एनालिस्ट चेतावनी दे रहे हैं कि इस दुबई के इस हादसे से दुनिया का तेजस पर भरोसा कम हो सकता है। यह इसलिए भी झटका है क्योंकि इसको चीन के जे-10सीई और पाकिस्तान के जेएफ-17 ब्लॉक 3 जैसे कॉम्पिटिटर प्लेटफॉर्म के तौर पर दिखाया गया था। चीन और पाकिस्तान के जेट भी उसी मार्केट के लिए मुकाबला कर रहे हैं। आर्मीनिया की ओर से 12 तेजस जेट के लिए भारत से डील रद्द करने के दावे को भारतीय एक्सपर्ट ने खारिज किया है।

### क्रैश को डील से जोड़ना गलत

दूसरी ओर रॉयल यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट के वाल्टर लैडविग जैसे एक्सपर्ट का कहना है कि फाइटर जेट की बिक्री जियोपॉलिटिकल असलियत से तय होती है। उन्होंने 1999 में पेरिस में रूस के एसयू-30 के क्रैश का जिक्र किया। इस क्रैश से कोई डील पटरी से नहीं उतरी। यह तेजस क्रैश के मामले में भी हो सकता है।

## 100 रुपए की नई करेंसी में भारत के 3 क्षेत्रों पर दावा

# *कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश का हिस्सा दिखाया*

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नेपाल ने भारत से फिर पंगा ले लिया है। नेपाल ने इस बार बिलकुल चीन जैसी हरकत की है। उसने अपने 100 रुपए की नई करेंसी पर भारत के 3 क्षेत्रों को अपना दिखाकर नया विवाद पैदा कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच फिर से संबंधों में बड़ा तनाव आने की आशंका है।

बता दें कि नेपाल के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को 100 रुपए का नया नोट जारी किया, जिसमें देश का संशोधित राजनीतिक मानचित्र छपा है। 100 रुपए की करेंसी में छपे इस मानचित्र में नेपाल ने विवादित कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश के हिस्से के रूप में दिखाया है। भारत ने इस कदम को एकतरफा और कृत्रिम क्षेत्रीय विस्तार करार दिया है। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) द्वारा जारी इस नए नोट पर पूर्व गवर्नर डॉ. महाप्रसाद अधिकारी के हस्ताक्षर हैं तथा जारी करने की तिथि विक्रम संवत 2081 (2024 ईस्वी) अंकित है। तत्कालीन प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार ने मई 2020 में संसद से संविधान संशोधन पारित कर कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्र में शामिल करते हुए नए मानचित्र को आधिकारिक मान्यता दी थी। उसी संशोधित मानचित्र को अब 100 रुपये के नोट पर छापा गया है।

भारत ने नेपाल की इस हरकत पर बहुत ही कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भारत ने दोहराया है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके अभिन्न अंग हैं और नेपाल का यह कदम तथ्यात्मक रूप से गलत तथा स्वीकार्य नहीं है। नेपाल की सीमा पांच भारतीय राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड- से 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबाई में लगती है। दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र को लेकर लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है।




नोट पर दिखाया नक्शा

### पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली की करतूत

इसे पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की करतूतों का नतीजा बताया जा रहा है, जिन्हें हाल ही में जेन-जी के आंदोलन में अपदस्थ कर दिया गया था। एनआरबी के प्रवक्ता गुणाकर भट्ट ने स्पष्ट किया कि नेपाल के बैंक नोटों में सिर्फ 100 रुपये के नोट पर ही देश का मानचित्र छपा होता है। 5, 10, 20, 50, 500 और 1,000 रुपए के नोटों पर कोई मानचित्र नहीं होता। उन्होंने कहा, पुराने 100 रुपए के नोट में भी यही मानचित्र था; अब केवल उसे सरकार के नवीनतम निर्णय के अनुरूप अपडेट किया गया है।

## 5500 के आरोप वापस जेल से हुए रिहा

# म्यांमार ने 3 हजार से ज्यादा कैदियों को दी सामूहिक माफी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

म्यांमार की सेना ने एक और बड़ा फैसला करते हुए 3000 से ज्यादा कैदियों को जेल से रिहा कर दिया है। जबकि 5500 लोगों पर लगे आरोपों को वापस ले लिया है।

बैंकॉकः भारत के पड़ोसी देश म्यांमार की प्रसिद्ध इंसेन जेल से गुरुवार को बड़ी संख्या में कैदियों को क्षमादान किए जाने के बाद रिहा कर दिया गया। जेल गेट के बाहर सुबह से इंतजार कर रहे रिश्तेदारों और दोस्तों ने फूल-मालाएं पहनाकर और गले लगाकर उनका भावुक स्वागत किया। यह रिहाई अगले महीने 28 दिसंबर को होने वाले आम चुनाव से पहले सैन्य शासकों द्वारा दी गई सामूहिक माफी के तहत की गई है। जेल के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र मतदाता आगामी चुनाव में हिस्सा ले सकें। पुष्टि की कि गुरुवार से कैदियों की रिहाई शुरू हो गई है, लेकिन उन्होंने रिहा होने वाले कैदियों की सटीक संख्या या उनकी पहचान बताने से इनकार कर दिया।फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि रिहा किए गए कैदियों में म्यांमार की पूर्व नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू ची भी शामिल हैं या नहीं। सू ची 2021 के सैन्य तख्तापलट में अपदस्थ हुई नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) सरकार की नेता थीं और फरवरी 2021 से वह पूरी तरह नजरबंद हैं; उनसे बाहर की दुनिया का कोई संपर्क नहीं है।



फाइल फोटो

# वाराणसी से झारखंड तक फर्मे बनायीं, बांग्लादेश तक सप्लाई की सिरप



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** एसटीएफ की जांच में कई बड़े चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। मास्टरमाइंड शुभम जायवाल ने अमित टाटा से वाराणसी से लेकर झारखंड तक फर्मे बनवाई। फिर इन फर्मो के नाम से ही उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल के साथ ही बांग्लादेश तक प्रतिबन्धित सिरप की तस्करी की। मास्टरमाइंड शुभम ने एबॉट कम्पनी द्वारा फेंसेडिल कफ सिरप बनाना बंद करने के बाद भी इन लोगों ने बड़े पैमाने पर तस्करी की। मास्टरमाइंड ने एबॉट कम्पनी के अफसरों से मिलीभगत कर 100 करोड़ रुपये से अधिक का कफ सिरप खरीद लिया था। फर्जी खरीद-बिक्री बिल, ई-वे बिल बनाए एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक शुभम के गिरोह ने ज्यादातर सिरप फर्जी खरीद-बिक्री बिल, ई-वे बिल बनाकर सप्लाई कर डाले। इससे होने वाले मुनाफे में अमित टाटा को भी काफी रकम देता था। वाराणसी की फर्म से शुरूआत में ही आठ लाख रुपये दिया था। ये रकम नकद दी जाती थी। अमित इस रकम को अपनी पत्नी के बैंक खाते में जमा कर देता था। एबॉट कम्पनी के अधिकारियों की भी तलाश एसटीएफ ने बताया कि मिलीभगत में शामिल एबॉट के अफसरों को भी चिन्हित कर लिया है। इनकी तलाश की जा रही है। कुछ और साक्ष्य मिले है। इस आधार पर ही इनके नाम भी एफआईआर में बढ़ा दिए जाएंगे। अमित के खिलाफ वाराणसी में छह और वाराणसी में एक मुकदमा दर्ज है।

**मास्टरमाइंट के करीबी अमित टाटा को एसटीएफ ने दबोचा:** अरबों रुपये कीमत के नशीले कफ सिरप की देश के कई राज्यों और बांग्लादेश आदि देशों में तस्करी करने वाले वाराणसी निवासी शुभम जायसवाल के पार्टनर अमित सिंह टाटा को एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को लखनऊ के गोमती नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पूर्व में भी सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके पास से बरामद फॉर्च्यूनर वाहन यूपी 65 एफएन 9777 बरामद किया गया है। इस मामले में एसटीएफ के एक बर्खास्त सिपाही की भूमिका का पता भी लगाया जा रहा है। एसटीएफ के मुताबिक, प्रदेश में फेंसेडिल कफ सीरप व कोडीनयुक्त अन्य नशीली दवाओं के अवैध भंडारण तथा यूपी, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश भेजे जाने के प्रकरण की जांच के लिए शासन ने 12 फरवरी 2024 को एसटीएफ तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रसाधन विभाग की संयुक्त जांच समिति का गठन किया था।

जांच के दौरान भारी मात्रा में अवैध फेंसेडिल कफ सिरप बरामद कर राजधानी के थाना सुशांत गोल्फ सिटी प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में सहारनपुर निवासी विभोर राणा एवं विशाल सिंह को बीती 12 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। उनसे पूछताछ में अमित कुमार सिंह उर्फ अमित टाटा की नशीली दवाओं के सिंडिकेट में संलिप्तता का पता चलने पर उसे आज सुबह गोमती नगर के ग्वारी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी विवेचना एसटीएफ करेगी।

**5 लाख लगाने पर मिले 22 लाख:** एसटीएफ की पूछताछ में उसने बताया कि आजमगढ़ निवासी विकास सिंह के जरिये उसका परिचय वाराणसी के शुभम जायसवाल से हुआ था। शुभम का एबॉट कंपनी की फेंसेडिल कफ सीरप का शैली ट्रेडर्स के नाम से रांची में बड़ा कारोबार है। नशे में प्रयोग होने की वजह से इसकी पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में बहुत मांग है। तस्करी में ज्यादा फायदा भी है।

मैंने लालच में आकर विकास के जरिये शुभम व उसके पार्टनरों के साथ बात की, जिन्होंने धनबाद में देवकृपा मेडिकल एजेंसी के नाम से जनवरी 2024 में मेरी फर्म बनवा दी। इसका सारा लेनदेन शुभम, उसके पार्टनर तथा उनका चार्टर्ड अकाउंटेंट देखता था। धनबाद में मैंने 5 लाख रुपये लगाए थे, जिसके बदले में उन्होंने मुझे 22 लाख रुपए दिए। बाद में मेरे नाम से बनारस में भी ड्रग लाइसेंस लेकर श्री मेडिकल के नाम से फर्म खुलवा दी। इसका भी सारा काम वहीं देखते थे। उसके बाद एबॉट कंपनी द्वारा यह सिरप बनाना बंद कर दिया गया। बनारस की फर्म में भी लगभग 8 लाख रुपए का फायदा शुभम ने नकद दिया था। इसे मैंने अपनी पत्नी साक्षी सिंह के बैंक अकाउंट में जमा करा दिया था।

**100 करोड़ रुपये का खरीदा सिरप:** अमित सिंह टाटा ने कबूला कि शुभम एवं उसके पार्टनरों ने एबॉट कंपनी के अधिकारियों से मिलकर 100 करोड़ से अधिक का कफ सिरप खरीदा। इसे फर्जी खरीद-बिक्री बिल, ई-वे बिल बनाकर तस्करी कर दिया गया। रांची और गाजियाबाद में शुभम गैंग के सौरभ त्यागी, विभोर राणा आदि के गिरफ्तार होने पर वह अपने परिवार एवं पार्टनर वरुण सिंह, गौरव जायसवाल के साथ दुबई भाग गया। शुभम फेसटाइम ऐप के जरिये बात करता हैं। उसने अपने पार्टनरों के साथ कई लोगों के नाम से भी फर्जी फर्मे बनवाकर नशीले सिरप की तस्करी कर भारी मुनाफा कमाया है। इसमें एबॉट कंपनी के अधिकारी भी संलिप्त हैं।

## दो महिलाओं के खाते से चार लाख उड़ाये

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने दो महिलाओं के खाते से 4.22 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़िता की तहरीर पर विभूतिखंड और पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। विराजखंड निवासी अनुपमा त्रिपाठी ने तहरीर देकर बताया कि सात नवंबर को उनका मोबाइल हैक हो गया। जालसाजों ने रात नौ से 11 बजे के बीच एसबीआई बैंक के खाते से 1.82 लाख रुपये उड़ा दिए। बैंक से पता चला कि रुपये विक्रम कुमार के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। उधर, रायबरेली रोड वृंदावन कालोनी सेक्टर पांच में सुषमा के खाते से जालसाजों ने 2.40 लाख रुपये उड़ा दिए। सुषमा ने पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## बेटे ने पिता के साथी पर लगाया लाइसेंसी रायफल व लाइसेंस हड़पने का आरोप




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली में एक बेटे ने पिता की मौत के बाद उनके साथी पर लाइसेंसी रायफल और लाइसेंस हड़प लेने का आरोप लगा केस दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया मूलरूप से जनपद मैनपुरी थाना कुर्रा के रहने वाले हर्षित कुमार पुत्र स्व सुखराम सिंह के अनुसार उनके पिता लखनऊ के कृष्णा नगर में रहकर राजकीय ठेकेदारी करते थे उनके साथ गांव का ही रहने वाला राजकिशोर पुत्र रामविलाश सिंह सहयोगी रूप में कार्य करता था और उनकी पिता की लाइसेंसी रायफल और लाइसेंस वर्ष 2017 से अपने घर पर रखा हुआ था और आवश्यकता पड़ने पर स्वयं साथ में लेकर चलता था। आरोप है कि वर्ष 2017 में राजकिशोर एवंम असके परिवारीजनो ने योजनाबद्ध तरीके से उनके पिता की हत्या कर उनके शव को उनकी गाडी मे रखकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे के थाना क्षेत्र नगला खंगर के अनर्गत छोड दिया था जिसके संबंध में उनकी माता ने मुकदमा भी करा रखा है। आरोप है कि तब आरोपित उनके पिता का लाइसेंस रायफल और लाइसेंस अपने कब्जे में ही रखा हुआ है और बदनीयत भावना से वापस नहीं करना चाहता है। पुलिस के अनुसार बेटे की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने बुधवार को अमानत की ख्यानत धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## कार परिवहन बस से टकरायी, अध्यक्ष समेत चालक चोटिल




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके स्थित बंगला पुल गन्ना अनुसंधान के पास बीते सप्ताह भर पूर्व एक परिवहन बस द्वारा अचानक ब्रेक मारने के कारण पीछे से आ रही इनोवा कार बस से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई जिससे कार में बैठे भारतीय किसान मंच व गौ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनका चालक चोटिल हो गया। जिसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपना व चालक का उपचार कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने पहुंच साजिशन हादसा किए जाने का आरोप लगा लिखित शिकायत की है। भारतीय किसान मंच व गौ परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की माने तो वह बीते 19 नवंबर की सुबह अपनी इनोवा कार से पिपलेश्वर धाम मंदिर जा रहे थे कार उनका ड्राइवर रंजीत चला रहा था और पीछे की सीट पर उनका सरकारी गनर केशव तिवारी बैठा था। गन्ना अनुसंधान के पास सलोन डिपो की एक परिवहन बस संख्या यूपी 33 सीटी 1969 उनकी कार को ओवरटेक करते हुए अचानक से ब्रेक लगा दिया जिससे उनकी गाड़ी बस के पिछले हिस्से से जा टकराई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक हुए इस हादसे में उन्हें और उनके ड्राइवर को चोटे आ गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष का आरोप है कि उन्हें कई बार धमकियां मिल चुकी है यह हादसा उनके साथ जानबूझकर किया गया है जो साजिशन है। पुलिस के अनुसार भारतीय किसान मंच व गौ परिषद के अध्यक्ष की शिकायत पर गाड़ी नंबर आधार पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

**अलग-अलग हादसों में तीन घायल:** राजधानी में तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों की वजह से दो अलग-अलग सड़क हादसों में स्कूटी सवार युवक, ई-रिक्शा चालक, भारतीय किसान मंच व गौ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उनके चालक सहित कई लोग घायल हो गए। कार ने स्कूटी को मारी जोरदार टक्कर कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित शिवशांति आश्रम के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने स्कूटी सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार आगे बढ़ते हुए एक ई-रिक्शा से भी भिड़ गई। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक और ई-रिक्शा चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार शुभम उछलकर सड़क पर जा गिरा, जिससे उसके सिर और कंधे पर गंभीर चोटें आई तथा उसका कान भी कट गया। आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार चौराहा पुल के पास इनोवा कार बस में जा भिड़ी और क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार भारतीय किसान मंच व गौ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी तथा उनके चालक रंजीत घायल हो गए।

## स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल पिता की शिकायत पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित वीआईपी रोड पर बीते छः दिन पूर्व 21 नवंबर की रात्रि एक तेज रफ्तार में कार सवार ने अनियंत्रित हो स्कूटी सवार को टक्कर मारते हुए ई-रिक्शा को टक्कर मार दिया। इस हादसे में स्कूटी सवार गंभीर रूप से चोटिल हो गया और उसका एक कान भी कट गया जिसका इलाज एक निजी अस्पताल से चल रहा है पिता की शिकायत पर स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित कन्नौसी मानक नगर निवासी घनश्याम लोधी के अनुसार 21 नवंबर की रात्रि करीब 10:30 बजे उनका बेटा शुभम अपनी स्कूटी संख्या से जा रहा था कि वीआईपी रोड सिन्धी आश्रम के पास तेज रफ्तार में पीछे आ रही मारुति कार नम्बर यूपी 72 एआर 9768 ने स्कूटी पर टक्कर मार दी। जिससे उनका बेटे के सर, कन्धे पर चोट आई और कान कट गया स्कूटी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई अनियंत्रित कार ने उनके बेटे की स्कूटी को टक्कर मारते हुए एक ई-रिक्शा को भी टक्कर मार दिया जिससे रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक अर्जुन प्रसाद भी चोटिल हो गया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि चोटिल युवक के पिता की शिकायत पर गाड़ी नंबर आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गाड़ी को कस्टडी में ले आरोपित कार चालक के खिलाफ विधिक कारवाई की जा रही है।

## सड़क पर फैला कचरा बन रहा है जानलेवा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम मवई में सड़क पर डंपर से डाला जा रहा कचरा स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गया है। कचरे के कारण सड़क पर फिसलन और अवरोध बढ़ गया है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। बीती रात इसी लापरवाही के चलते एक टाटा नेक्सॉन कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर कचरा डाले जाने के पीछे किसका निर्देश है, यह पूछने पर संबंधित लोगों द्वारा दुर्व्यवहार तक किया जा रहा है। उधर कटिबागियाझमोहान रोड स्थित हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण मुख्य मार्ग पहले से ही बंद है, और आवागमन के लिए केवल एक ही रास्ता बचा है। लेकिन इस मार्ग पर भी कचरे का अंबार लगने से लोगों को भारी परेशानी और दुर्घटना का खतरा झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करने और सड़क को तुरंत साफ कराने की मांग की है, ताकि लोगों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके।

## स्कूली वैन में मानक से अधिक बच्चे, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आरटीओ विभाग और स्थानीय पुलिस की उदासीनता के चलते स्कूली बच्चों की जान जोखिम में डाल कर स्कूल वैनों को संचालित किया जा रहा है। साथ ही भूसे की तरह वैन से स्कूली बच्चो को स्कूला ले जाते है।

एआरटीओ पीके सिंह ने बताया कि समय-समय पर जांच होती है। कोई भी ऐसा स्कूली वाहन पकड़ा जाता है जिसमें बच्चों को क्षमता से ज्यादा बैठाया जा रहा है तो स्कूल और वैन मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जायेगा। लतीफपुर स्थित महेश सिंह सरस्वती इंटर कालेज और महेश सिंह मांटेसरी पब्लिक स्कूल में भी वाहनों का संचालन हो रहा है गुरुवार को स्कूली वाहन में क्षमता से ज्यादा बैठे थे। वैन मे बैठे बच्चे के पिता से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि वैन चालक से ज्यादा बात करो तो वह कह देता है अपनी व्यवस्था दूसरी कर लिजिए। मिलीजानकारी के अनुसार विकास खंड में निजी शिक्षण संस्थानों की बाढ़ सी देखी जा रही है। इनमें बच्चों को वाहन सुविधा मुहैया कराकर स्कूल लाने की होड़ सी लगी है। इन स्कूलों में लगे अधिकांश वाहन ठेकेदारी प्रथा पर स्कूलों से संबंध है। इन स्कूली वाहनों का शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार कोई मानक निर्धारित नहीं है और न ही इनकी स्कूल वैन लिखा होने से कोई जांच पड़ताल करने की हिम्मत पुलिस विभाग और न ही कभी आरटीओ का रीजनल अधिकारी देखता है। जब भी क्षेत्र में कभी भी एआरटीओ व उनकी टीम दस्तक देती है तो केवल ईंट भट्ठों से चलने वाले ट्रैक्टरों का चालन व जुर्माना व सीज करके चली जाती है। लेकिन इन मासूम और नौनिहालों के जीवन की तरफ कतई ध्यान नहीं दिया जाता रहा है। जहां स्कूल वैनों में सात से नौ बच्चों की जगह पन्द्रह से बीस बच्चों को भूसे की तरह ठूंस कर ढोते देखा जा सकता है। चित्र में स्कूली वैन को देखकर शक ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस खटारा टाटा मैजिक में न तो पीछे नंबर प्लेट है न ही ठंड हवा से बचाव के लिये पर्दे ही। इस स्कूली वाहन का संचालन माल कस्बा स्थित सोनी मार्डन पब्लिक स्कूल द्वारा स्कूली बच्चों को घरों से लाने पहुंचाने के काम के लिए किराए पर लगा रखा गया है।

## युवक पर पुत्री को तीसरी बार घर से भगाने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके मे रहने वाली विशेष समुदाय की युवती के पिता ने युवक पर पुत्री को तीसरी बार घर से बहला-फुसला कर भगा ले जा अपहरण का आरोप लगा अनहोनी की आशंकाजता नामजद शिकायत की है। वही पुलिस नेता पीडित पिता की शिकायत पर घटना के तीन सप्ताह बाद बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सरपोटगंज निवासी मो. हनीफ पुत्र स्व० अब्दुल हमीद ने बताया बीते 31 अक्टूबर की देर रात्रि उनकी 18 वर्षीय बेटी फरीन बार्नो घर से अभिषेक पुत्र अनिल निवासी सरपोटगंज, लखनऊ ने बहला-फुसला कर उनके घर से भगा ले गया है। आरोप है कि उक्त युवक अभिषेक पहले भी उनकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया था, जिसकी शिकायत उन्होंने थाना आशियाना में बीते 24 जुलाई 2023 को दर्ज कराई थी। उस समय उनकी बेटी नाबालिग थी और अभिषेक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था। जेल से रिहा होने के बाद अभिषेक ने पुनः उनकी बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले गया, जिसकी शिकायत उन्होंने थाना पारा में बीते 10 फरवरी 2024 को दर्ज कराई थी। वही पीडित पिता मो. हनीफ का कहना था तीसरी बार बीते 31 अक्टूबर की देर रात उक्त युवक अभिषेक पुत्र अनिल निवासी सरपोटगंज, लखनऊ उनकी 18 वर्षीय बेटी फरीन बार्नो घर से बहला-फुसला कर उनके घर से भगा ले गया है। जो पहले से शादीशुदा है। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित पिता की शिकायत पर बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विधिक कारवाई की जा रही है।

## सलोन में मनाया गया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

सलोन, राय बरेली श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन के अवसर पर सलोन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पूरे विशेनन में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन एनिमल ब्रीडिंग सेंटर रिसर्च आगेर्नाईजेशन सलोन की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.एन.एन. चौधरी जी.एम. एनिमल ब्रीडिंग सेंटर ने की। टीम में संस्था के प्रबंधक डॉक्टर निखलेश अग्रहरि, मनीष अवस्थी, अनुज शुक्ला, अक्षय कुशवाहा, देवेंदु त्रिपाठी, कुलदीप, सुरेश उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ.एन.एन.चौधरी ने कहा कि डॉ.कुरियन के जन्म दिन पर हमें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। डॉ.निखलेश अग्रहरि ने दुग्ध क्रांति एवं भारत की वैश्विक स्तर पर दुग्ध उन्नति के बारे में बताया। मो. इस्माइल ने बालिका शिक्षा पर आधारित कविता के माध्यम से सभी को जागरूक किया। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता छात्र-छात्राओं को एनिमल ब्रीडिंग सेंटर संस्था के अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय में नामांकित सभी बच्चों में दुग्ध का वितरण किया गया।

## आज लखनऊ आयेंगी राष्ट्रपति, बदला रहेगा शहर का ट्रैफिक

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को राजधानी लखनऊ आएंगी। वह कई अलग-अलग कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। इस दौरान कई इलाकों में डायवर्जन लागू रहेगा। जो कार्यक्रमों की समाप्ति तक रहेगा। यातायात पुलिस ने बुधवार को डायवर्जन प्लान जारी किया है। अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी मोड़ से सामान्य यातायात अमौसी एयरपोर्ट के अंदर प्रतिबंधित रहेगा।

ये यातायात अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी मोड़ से अमौसी कॉमर्शियल मोड़ से बायें होकर जाएगा। शहीद पथ मोड़ कानपुर रोड तिराहा से शहीद पथ की ओर सामान्य यातायात नहीं जाएगा। ये यातायात ट्रांसपोर्ट नगर, पुरानी चुंगी तिराहा, पिकेडली तिराहा, बाराबिरवा चौराहा या स्कूटर इंडिया चौराहा जुनाबगंज मोड़ होकर जाएगा।

गोसाईंगंज कस्बा तिराहा से ब्रह्म कुमारी राजयोग प्रशिक्षण केंद्र, अहिमामऊ चौराहा की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात गोसाईंगंज कस्बा तिराहा से जिला करागार के सामने से, मोहनलालगंज, किसानपथ होकर जाएगा। कबीरपुर अंडरपास से ब्रह्म कुमारी राजयोग प्रशिक्षण केंद्र, अहिमामऊ चौराहा की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात किसान पथ होकर जाएगा। साहू रेजीडेंसी कैंप गेट से ब्रह्म कुमारी राजयोग प्रशिक्षण केंद्र कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अहिमामऊ अंडरपास से ब्रह्म कुमारी राजयोग प्रशिक्षण केंद्र, सुल्तानपुर की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात शहीद पथ, कमता तिराहा होकर जाएगा। बंदरियाबाग चौराहा से राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज की तरफ सामान्य यातायात नहीं जाएगा। ये यातायात गोल्फ क्लब चौराहा या लालबत्ती चौराहा, एसएन ओवरब्रिज होकर जाएगा।

लालबत्ती चौराहा से प्रेरणा केंद्र तिराहा, एनेक्सी तिराहा, सिसेंडी तिराहा की तरफ सामान्य यातायात नहीं जाएगा। ये यातायात बंदरियाबाग चौराहा, गोल्फ क्लब चौराहा या एसएन ओवरब्रिज होकर जाएगा। हजरतगंज चौराहा से डीएसओ चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा की तरफ सामान्य यातायात नहीं जाएगा। ये यातायात सिकंदरबाग चौराहा, यूपीटेक चौराहा अथवा रॉयल होटल चौराहा, बर्लिंग्टन चौराहा होते हुए जाएगा। रॉयल होटल चौराहा से सिसेंडी तिराहा, डीएसओ चौराहा, एनेक्सी तिराहा, प्रेरणा केंद्र तिराहा, लालबत्ती चौराहा की तरफ सामान्य यातायात नहीं जाएगा। ये यातायात हजरतगंज चौराहा, सिकंदरबाग चौराहा या बर्लिंग्टन चौराहा होकर जाएगा। 1090 चौराहा से कोई भी रोडवेज बस गोल्फ क्लब चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा की तरफ नहीं जाएगा। ये बसें बैकुंठधाम तिराहा, चिरैयाझील तिराहा होते हुए जाएगा। पार्क रोड चौराहा से डीएसओ चौराहा की तरफ सामान्य यातायात नहीं जाएगा। ये यातायात हजरतगंज चौराहा या गोल्फ क्लब चौराहा होते हुए जाएगा। डीएसओ चौराहा से पार्क रोड चौराहा तक व पार्क रोड चौराहा से हजरतगंज चौराहा तक एकल मार्ग बंद रहेगा।

**सेक्टर-15 वृन्दावन योजना:** सेक्टर-14 नहर पुल चौराहा से सेक्टर-19 चौराहा (पिपरीखेड़ा) की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात सेक्टर-14 नहर पुल चौराहा से सेक्टर-12 नहर पुल चौराहा, ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरी खेड़ा) चौराहा, चिरैयाबाग, तेलीबाग या नहर रोड से कालिंदी पार्क मोड़ होकर जाएगा। सेक्टर-19 चौराहा (पिपरीखेड़ा) से सेक्टर-16 सपना एंक्लेव तिराहा, सेक्टर-15 चौराहा, कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

ये यातायात सेक्टर-19 चौराहा (पिपरीखेड़ा) से कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन रोड या सेक्टर-14 नहर पुल चौराहा, उतरेठिया शहीद पथ रेलवे क्रॉसिंग से वृंदावन योजना सेक्टर-07सी तिराहा से दायें तेलीबाग होकर जाएगा। सेक्टर-16 (सपना एंक्लेव) तिराहा से सेक्टर-15 चौराहा, कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात सेक्टर-16 (सपना एंक्लेव) तिराहा से सेक्टर-19 चौराहा (पिपरीखेड़ा) या ट्रॉमा सेंटर चौराहा, सेक्टर-17 नहर पुल चौराहा, आवास विकास गेट (पेट्रोल पंप) पीजीआई तिराहा होकर जाएगा। सेक्टर-18 (न्यू ट्रामा सेंटर) चौराहा से सपना एंक्लेव सेक्टर-16 तिराहा, सेक्टर-19 चौराहा (पिपरीखेड़ा) की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात सेक्टर-18 (न्यू ट्रॉमा सेंटर) चौराहा से दायें सेक्टर-17 वृंदावन योजना, कल्ली पश्चिम पुलिस लाइन रोड होकर जाएगा। सेक्टर-12 चौराहा से सेक्टर-15, कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

ये यातायात सेक्टर-12 चौराहा से ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरी खेड़ा) चौराहा, चिरैयाबाग, तेलीबाग या नहर रोड से कालिंदी पार्क मोड़ होकर जाएगा। ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरी खेड़ा) चौराहा से सेक्टर-11, सेक्टर-12 नहर पुल, सेक्टर-15 कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात ज्ञान सरोवर नहर पुल (ईश्वरी खेड़ा) चौराहा से चिरैयाबाग, तेलीबाग या नहर रोड से कालिंदी पार्क मोड़ होकर जाएगा। सेक्टर-8 वृंदावन योजना शहीद पथ अंडर चौराहा से सेक्टर-10, सेक्टर-15 कार्यक्रम स्थल की तरफ सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। ये यातायात सेक्टर-8 वृंदावन योजना शहीद पथ अंडरपास चौराहा एमिटी इंटर नेशनल स्कूल के सामने उतरेठिया शहीद पथ रेलवे क्रॉसिंग अंडरपास से दायें उतरेठिया रेलवे स्टेशन रोड या तेलीबाग होकर जाएगा।

## धर्म ध्वजा की स्थापना, सनातन का गौरव है: राजन मिश्र



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संपूर्ण मानवता के लिए धर्म और कर्म का आदर्श स्थापित करने वाले भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर बने भव्य और दिव्य मंदिर के शिखर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सर संघचालक मोहन भागवत के कर कमलों से, संत समाज की पवित्र उपस्थिति में विधिवत धर्मध्वज स्थापित करने से सनातन धर्म गौरवान्वित हुआ है। वरिष्ठ भाजपा नेता राजन मिश्रा ने कहा कि माता सीता और प्रभु श्रीराम के विवाह के पवित्र दिन पर यह ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ है। यह सनातन संस्कृति और रामभक्तों के लिए बहुत ही गौरव का दिन है। यह धर्मध्वज प्रभु श्रीराम के जीवन और आदर्शों को जानने तथा उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करेगा।

# संक्षेप

## घर में घुसकर युवक ने युवती के साथ की छेड़छाड़

पुरवा, उन्नाव। घर के अंदर युवती को अकेली पाकर युवक ने गलत नीयत से छेड़छाड़ किया पीड़िता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया ।एक गांव निवासिनी पीड़िता के मुताबिक बीती शाम करीब 8 बजे वह घर में चारपाई पर लेटी थी ।तभी गांव के ही युवक ने आकर उसका कम्बल खींच कर छेड़छाड़ करने लगा ।उसके विरोध करने पर मारने पीटने लगा ।और कहीं बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया ।घटना के समय परिजन गांव में ही एक तिलक समारोह में गये हुए थे ।घटना की बाबत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

## युवती हुई लापता मां ने दर्ज कराया मुकदमा

सफीपुर, उन्नाव। मायके में रहकर बेटी का इलाज करा रही कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से उसकी बेटी को लखनऊ जनपद के एक गांव का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की ।हसनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में उसका मायका है जहां वह अपनी बेटी के साथ रहकर उसका इलाज करा रही थीं। 26 नवंबर की दोपहर उसकी पुत्री बिना बताए कहीं चली गईं ।खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला ।जानकारी हुई कि लखनऊ जनपद के मलिहाबाद थाना क्षेत्र के रमनगरा गांव निवासी विपिन पुत्र गुड्डू रैदास उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है ।एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहान मलिहाबाद मार्ग पर बुधवार देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मटरिया गांव निवासी उदय भान (40) पुत्र जय शंकर सिंह बुधवार को किसी काम से धौरा गांव गए थे। शाम करीब 6:30 बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह धौरा गांव के पास मोहान मलिहाबाद मार्ग पर पहुंचे, तभी मोहान की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए मोहान की तरफ भाग गया ।टक्कर लगते ही उदय भान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के समय मृतक ने हेलमेट नहीं लगाया था। मृतक खेतीबाड़ी कर परिवार का भरणझपोषण करता था। मृतक दो भाई में छोटा था बड़ा भाई गुड्डू रो-रोकर बेहाल हो गए। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि युवक की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय राजीवपुरम में मॉडल युवा ग्राम सभा का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के राजीव पुरम कालीमिट्टी में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में बृहस्पतिवार को मॉडल युवा ग्राम सभा (एमवाईजीएस) का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने ग्राम सभा की कार्यव्यवस्था और विकास के तरीके बताए ।कार्यक्रम में आए आनंद मिश्रा, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कानपुर देहात, व प्रतिमा पुरी, प्राचार्या जवाहर नवोदय विद्यालय कालीमिट्टी राजीवपुरम तथा उप प्राचार्य रोहित सिंह राठौर , ए पी कटियार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से सराबोर हो उठा। छात्रों में ही एक छात्र ने ग्राम सचिव और एक छात्र ने सरपंच की भूमिका निभाई। छात्रों ने गांव के विकास के पंचसूत्रीय उद्देश्य बताए जिनमें सामुदायिक सहभागिता, समस्या पहचान एवं उनके समाधान की खोज, निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी तथा विकासात्मक गतिविधियों की रूपरेखा का विस्तृत वर्णन किया गया जिससे विद्यार्थियों ने ग्रामसभा की कार्य प्रणाली को विधिवत समझा। विद्यार्थियों ने भी ग्राम सभा के विद्यालय एवं समाज से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और समाधान हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिससे उनकी जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का परिचय मिला। छात्रों द्वारा ग्राम सभा की काल्पनिक बैठक भी आयोजित की गई जिसमें सरपंच द्वारा विभिन्न समितियों के लिए आवश्यकतानुसार धनराशि वितरण का प्रस्ताव रखा गया। सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया। इससे ग्रामसभा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सार्थकता उजागर हुई। मुख्य अतिथि आनंद मिश्रा ने मॉडल युवा ग्राम सभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को नेतृत्व, समस्या समाधान और जिम्मेदारी जैसे गुण सिखाते हैं। उन्होंने इसे युवाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक पहल बताया। प्राचार्या प्रतिमा पुरी ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम अत्यंत शिक्षाप्रद एवं उनकी वास्तविक जीवन शिक्षा से सीधे जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य रोहित सिंह राठौर ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संयोजक उमाकांत मौर्य, रीना भारती, ऋषिकेश, तथा सभी उपस्थित विद्यार्थियों और कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया। पूरे कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. स्फूर्ति, टी.जी.टी. हिन्दी, ने किया। कक्षा 7, 9 और 11 के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# तीन दिसंबर को प्रभावित रहेगा लखनऊ कानपुर रेल मार्ग

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ-कानपुर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को 3 दिसंबर को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों का संचालन बेहतर करने और पटरियों को अपग्रेड करने के लिए इस दिन लखनऊ-कानपुर रेलखंड पर 8 घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक घोषित किया है। अमौसी-मानकनगर और जैतीपुर-हरौनी सेक्शन के बीच होने वाले इस बड़े मेंटेनेंस कार्य के चलते हजारों यात्रियों की यात्रा प्रभावित होगी। रेलवे ने साफ कर दिया है कि 3 दिसंबर को दो प्रमुख ट्रेनें बिल्कुल नहीं चलेंगी। इनमें झांसी-लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी (11109/10) और झांसी-लखनऊ पैसेंजर (51813/14) शामिल हैं। इन ट्रेनों के नियमित यात्री वैकल्पिक व्यवस्था करने को मजबूर होंगे। ब्लॉक के दौरान लखनऊ में प्रवेश करने वाली कई लंबी दूरी की सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी (12003/04), पुणे-लखनऊ एक्सप्रेस (12103) और पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस (15066) अब उन्नाव, माखी और बालामऊ होकर लखनऊ पहुंचेंगी। एलटीटी-प्रतापगढ़ उद्योगनगरी (12173) लखनऊ नहीं आएगी, जिससे प्रतिदिन सफर करने वाले यात्रियों पर खासा असर पड़ेगा। आगरा फोर्ट-लखनऊ इंटरसिटी (12180) और जयपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस (19715) भी उन्नाव, माखी, बालामऊ और आलमनगर होते हुए गोमतीनगर पहुंचेंगी। इनका ऐशबाग और बादशाहनगर स्टेशनों पर ठहराव समाप्त कर दिया गया है। गोरखपुर-चर्लपल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12589) भी लखनऊ-आलमनगर-बालामऊ-माखी-उन्नाव के रास्ते कानपुर जाएगी। बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस (11124) भी इसी डायवर्जन पर चलेगी। ट्रैफिक ब्लॉक का असर कुछ ट्रेनों के समय पर भी पड़ेगा। कई मेमू और एक्सप्रेस ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देर से चलेंगी। कानपुर सेंट्रल-लखनऊ मेमू (64212) 4 घंटे, उतरेटिया-शिवपुर मेमू (64282) 35 मिनट, लखनऊ-नई दिल्ली शताब्दी (12003) 1.40 घंटे और लखनऊ-पुणे एक्सप्रेस (12104) डेढ़ की देरी से चलाई जाएंगी। गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस (15067) 2.25 घंटे, छपरा-मथुरा एक्सप्रेस (15109) 3.25 घंटे, दरभंगा-नई दिल्ली पूजा स्पेशल (04449) 3 घंटे और पुरी-आनंदविहार नीलांचल (12875) 4.1 घंटे लेट होंगी। लखनऊ-कानपुर मेमू (64211) 205 मिनट, जबकि लखनऊ-आगरा फोर्ट इंटरसिटी (12179) 75 मिनट देरी से संचालित की जाएगी। ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के दौरान कुछ स्टेशनों पर बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्लेटफॉर्म डिस्प्ले, लाउडस्पीकर से होने वाली घोषणाएं और टिकट काउंटरों की कार्यप्रणाली भी धीमी हो सकती है। यात्रियों को समय से पहले स्टेशन पहुंचने और ट्रेन की लाइव स्थिति चेक करने की सलाह दी गई है।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार को मारी टक्कर ,युवक की मौत, साथी घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मरहला चौराहे से शुक्लागंज की ओर स्थित धोबिन पुलिया के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार डीसीएम ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। घटना गंगाघाट थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, पोनी रोड निवासी मुन्ना (35), जो फ्लेक्स बोर्ड लगाने का काम करता था। अपने साथी उमेश के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम से लौट रहा था। रात करीब 12:30 बजे उनकी बाइक को पीछे से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक डीसीएम में फंसकर लगभग 5 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में मुन्ना गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल उमेश का इलाज जारी है। मुन्ना की पत्नी काजल ने गंगाघाट थाने में सूचना दी। काजल मूल रूप से देवरिया के निधुवामऊ, थाना मिश्रिख, जिला सीतापुर की रहने वाली हैं और वर्तमान में शक्तिनगर में किराए के मकान में रहती हैं। पुलिस ने डीसीएम और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि चालक पुलिस हिरासत में है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मृतक मुन्ना अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों (एक बेटा और एक बेटी) को छोड़ गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक ने शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक ने आज नगर एवं क्षेत्र के सभी ढाबों और देशी व विदेशी शराब के ठेकों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बाबा संचालकों को ढाबे के अंदर और आसपास मादक पदार्थों का सेवन न करने देने की शख्त हिदायत दी। क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने आज आरक्षियों के साथ गुरूवार को नगर के हरदोई मार्ग और उन्नाव मार्ग पर स्थित करीब एक दर्जन ढाबों और होटलों का औचक निरीक्षण किया। हालांकि निरीक्षण के दौरान किसी भी ढाबे में न तो किसी तरह का मादक पदार्थ ही बरामद हुआ और ना ही कोई व्यक्ति मादक पदार्थों का सेवन करते पाया गया। उन्होंने सभी संचालकों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी ग्राहक को ढाबे के अंदर अथवा परिसर में शराब आदि मादक पदार्थों का सेवन कतई नहीं करने देना है और मादक पदार्थों का भंडारण भी दंडनीय अपराध है। इसके अलावा आबकारी निरीक्षक ने नगर के तिकोनिया पार्क के सामने, लखनऊ मार्ग, संडीला मार्ग व ग्राम बेहटा मुजाविर और मटुकरी आदि सहित करीब एक दर्जन देशी व विदेशी शराब ठेकों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि नगर के आसपास संचालित कुछ ढाबों में ग्राहकों द्वारा मादक पदार्थों का सेवन किया जा रहा है। इसी शिकायत के आधार पर ढाबों का निरीक्षण किया गया है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा -उन्नाव। मां बागेश्वरी के चित्र पत्र माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन पश्चात ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता की शुरूवात करते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी सुरेश कुमार ने खेलों के महत्व पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास का आधार हैं सरकार की प्राथमिकताओं में खेलों को बढ़ावा मिल रहा है ।शिक्षाधिकारी ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सफल शिक्षार्थियों की पीठ थपथपाई और उन्हें आगे बढ़ते रहने को प्रोत्साहित किया। ग्राम तुसरौर स्थिति मिनी स्टेडियम में हुई खेल कूद प्रतियोगिता में ब्लॉक के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया सौ मीटर की बालक वर्ग दौड़ में आयुष विजयी रहे बालिका वर्ग में हिमांशी ने बाजी मारी ।इसी प्रकार दो सौ मीटर की दौड़ में मयंक व चार सौ मीटर की दौड़ में अरुण ने जीत दर्ज की कई घंटे की प्रतियोगिता में गजब का उत्साह रहा ।उल्लेखनीय है कि व्यायाम शिक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रतियोगिता हुई इस अवसर पर खेल अनुदेशक सुनील कुमार भदनाग, मनोज कुमार सुब्बा खेड़ा,शैलेंद्र मझिगवां,बीरेंद्र कुमार ,प्रदीप कुमार बहरौरा,ज्योति देवी मौजूद रहे ।जूनियर शिक्षक संघ महामंत्री रामजन्म सिंह व गजेन्द्र वर्मा ने प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए हर प्रकार से सहयोग देने बात कही दौरान खेल कूद छात्रों में गजब का उत्साह दिखाई पड़ा।

# एओवी स्लॉटर हाउस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मची अफरा तफरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के औद्योगिक एरिया साइड नंबर एक में स्थित एओवी स्लाटर हाउस में शॉर्ट सर्किट के कारण गुरुवार दोपहर 12 बजे फैक्ट्री के सेकंड फ्लोर पर भीषण आग लग गई। जिस फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गई फैक्ट्री में काम कर लेने वाले श्रमिक बाहर निकाला। जिसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को देने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने अपने उपक्रमों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया और एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझ गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़िया आग बुझने की सूचना पाकर फैक्ट्री गेट से ही वापस लौट गई। आग लगने के दौरान उठ रहे भीषण धुएं में कुछ लड़कियों के बेहोश होने की भी चर्चा रही वही करीब आधा सैकड़ा लड़कियों को एक हाल में बंद रखने पर पुलिस व फायर कर्मियों की फैंक्ट्री प्रबंधन से झड़प के बाद उन्हें हाल से बाहर निकलवाया गया इस बात की भी लोगों में खूब चर्चा रही हालांकि फैक्ट्री प्रबंधन व पुलिस ने इन बातों की पुष्टि नहीं की है स्लाटर के प्रबंधन की ओर से बताया गया कि खाली पड़े हाल में मामूली आग लगी थी कुछ लड़कियों को धुंए से थोड़ी बहुत समस्या हुई होगी किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। थोड़ी देर में आग बुझ गई थी किसी ने फायर ब्रिगेड को गलत जानकारी दे दी। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही वह घटना स्थल पर पहुंचे थे लेकिन तब तक आग बुझ गई थी।

# जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता सदर विधायक एवं स्थानीय लेखा परीक्षा समिति विधानसभा उत्तर प्रदेश, लखनऊ के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने की। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों जैसे सड़क, विद्युत, सिंचाई, जल निगम, पंचायती राज, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, आवास योजनाओं और निराश्रित गौवंश संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। विधायक पंकज गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे, यह समिति की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर जनपद को विकास की नई गति प्रदान करनी होगी। उन्होंने सभी विभागों को समिति के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने और कार्यों को समयबद्ध पूरा करने का आदेश दिया। मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने जिले के विकास से जुड़े प्रमुख बिंदुओं की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत 21 खेल मैदानों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनका लोकार्पण जल्द ही जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मातृत्व वंदना योजना में उन्नाव ने राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, और ₹टीवी मुक्त भारत₹ अभियान में जिले के प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई है। विकसित यूपी @2047 के लिए सुझाव जुटाने में भी उन्नाव की स्थिति बेहतर रही है। बैठक में विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मॉडल ग्रामों के मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। साथ ही, आरआरसी सेंटरों को सक्रिय कर कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत किया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी गौशालाओं में ठंड से बचाव की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और आवारा गौवंश को अभियान चलाकर सुरक्षित गौशालाओं में पहुँचाया जाए। विद्युत विभाग को केबल बदलने के कार्य को समय पर पूरा करने तथा नलकूपों में आने वाली कम वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# समाज सेवी ने सर्वसमाज बहनों की शादी 6 दिनों मे 153 लोगों को दी आर्थिक मदद



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। विधानसभा भगवन्तनगर के धनकोली निहाल खेड़ा निवासी समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्प फाउंडेशन पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने मात्र 6दिनों मे विधानसभा भगवन्तनगर के तीनो ब्लॉको (सुमेरपुर ,बीघापुर, सिकंदरपुर कर्ण मे के पंचायतों में वैवाहिक आयोजनों मे 153 जरूरत बहनों की शादी मे सहायता देकर जनसेवक के रूप मे कार्य किया लोगो की मदद निरंतर अपनी टीम के माध्यम से करवा रहे है हीरा खेड़ा, महरामऊ, पनहन,कल्यान खेड़ा,छाँछीराई खेड़ा, दुबेपुर, चोटिहा,लाला खेड़ा, निहाल खेड़ा, बक्सर, अहिरौरा, चंदनपुर विभौरा, करमी,ममरेजपुर, कुम्भी, पाटन, हड़हा,धानी खेड़ा, अचलगंज, त्रिपुरारपुर, सिकंदरपुर, पनई,नया खेड़ा भगवान खेड़ा,लोहचा, बदरका, सुपासी, बक्सर, ऊंचगाँव,निबई, सराय मंगली, फरकी, गंजरी, अकवाबाद, मलौना, आदि

# गैस सीजर सिलेंडर में हुआ तेज धमाका, मकान के उड़े चिथड़े

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हसनगंज कस्बे में बृहस्पतिवार सुबह एक घर में गीजर सिलेंडर में हुए शॉर्ट सर्किट से विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। धमाका इतना तेज था कि कमरे की दीवार और लोहे का दरवाजा के चिथड़े उड़ गए। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई ।हसनगंज कस्बा में आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के सामने ज्ञानेंद्र सिंह के मकान की दूसरी मंजिल पर बृहस्पतिवार सुबह 6 बजे अचानक गीजर से जुड़े सिलेंडर में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे सिलेंडर फट गया और कमरे में आग लग गई। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग बाहर निकल आए। कमरे में रखा गद्दा, रजाई, कपड़े , सोफा समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया ।घटना के समय घर के नीचे दूसरे कमरे में ज्ञानेंद्र सिंह और उनका बेटा अमन सिंह सो रहे थे। अन्य परिजन पत्नी जयदेवी और बेटी सलोनी परियर क्षेत्र के मरौंदा गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में गए थे ।पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलने पर लेखपाल ने पहुंचकर नुकसान का आकलन किया ।सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि गीजर से जुड़े सिलेंडर में शॉर्ट सर्किट के चलते ब्लास्ट हुआ। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ी जनहानि नहीं हुई।

# पुलिस व एसओजी टीम से गौ तस्करों से हुई मुठभेड़, दो घायल

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा थाना पुरवा कोतवाली क्षेत्र के नगर मोहल्लाअंतर्गत मिर्री चौराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी एक डीसीएम को सामने से आते हुए देखा तो पुलिस द्वारा उसे रोकने का प्रयास किया गया।

प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस द्वारा बताया गया कि डीसीएम चालक द्वारा गाड़ी ना रोक कर वहां से भागने का प्रयास किया तो पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा डीसीएम का पीछा कर पुरवा सोहरामऊ मार्ग से मिर्री खेड़ा रोड पर नहर पुलिया के पास धर्मकांटा के सामने उसे रोका गया, तभी डीसीएम में सवार दो लोगों द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया गया ।फिर क्या पुलिस ने भीआत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में उक्त दोनों व्यक्तियों के पैर में गोली लगी है। दोनों व्यक्तियों में एक ने अपना नाम जय प्रकाश तिवारी पुत्र देवकी नन्दन तिवारी निवासी सूरजपुर बघौरा थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी बताया वहीं.दूसरे ने अपना नाम उस्मान उम्र पुत्र हाशिम निवासी थाना मितौली जनपद खीरी बताया उक्त लोगों द्वारा डीसीएम MH03 DV 8557 में 20 गोवंश पशु लादकर थाना पुरवा से बिहार राज्य ले जाया जा रहा था, जिनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक तमंचा 312 बोर एवं दो जिंदा व दो खोखा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस द्वारा दोनों घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया गया। अभियुक्त उस्मान के विरुद्ध थाना मितौली जनपद खीरी में मुकदमा अपराध संख्या 150/20 धारा उस्मान के विरुद्ध अंतर्जनपदीय थानों में भी लगभग तो दर्जन मुकदमे में दर्ज है हैं188/270/271 आईपीसी एवं अभियुक्त जयप्रकाश तिवारी के विरुद्ध थाना सफदरगंज जनपद हमबाराबंकी में मुकदमा अपराध संख्या 222/12 धारा 302/506 आईपीसी पंजीकृत है। दोनों के विरुद्ध मु0अ0सं0 410/25 धारा 109/3(5) बी0एन0एस0 व 11(1)(5) पशु क्रूरता अधि० व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हाजा पर पंजीकृत किया गया । अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। के विरुद्ध अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सम्पादकीय

# महिलाओं ने तीन विश्व कप जीतकर लिखा नया अध्याय

आज हम 21वीं सदी में है। कभी वो समय था, जब महिलाओं को केवल घर की चारदीवारी तक ही सिमित रखा जाता था। यहां तक की अनेक देशों में तो उन्हें वोट देने तक का अधिकार नहीं था, लेकिन आधुनिक युग में महिलाएं कहीं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। वे जितने अच्छे से घर, परिवार और माता -पिता को संभालती हैं, उतने ही अच्छे से हवाई जहाज भी उड़ा रही हैं। बड़ी कंपनी में भी दायित्व निभा रही हैं। यहां तक कि देश की रक्षा में भी उनका अहम योगदान है। उन्होंने अपनी योग्यता का चौतरफा लोहा मनवा लिया है। चांद पर जाने वाली भी महिला है और घर संभालने वाली भी। इसी कड़ी में क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद देश को महिलाओं ने एक बार फिर गर्व का मौका दिया है। अब उन्होंने कबड्डी में दुनियाभर में धाक जमाते हुए वर्ल्ड कप जीत लिया है। बांग्लादेश के ढाका में 2025 का फाइनल भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया। खिताबी मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 के स्कोर से हरा दिया। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरी बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। भारत ने ग्रुप चरण के सभी चार मैचों में जीत हासिल कर और सेमीफाइनल में ईरान को 33-21 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे भी खिताबी मुकाबले में अपराजित थे और उन्होंने मेजबान बांग्लादेश को 25-18 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबला काफी जोरदार रहा, जिसमें चीनी ताइपे ने शुरुआती दौर में भारत के डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने अनुशासित टैकल और सही समय पर किए गए हमलों के जरिए धीरे-धीरे नियंत्रण हासिल किया और मैच के निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखा और कप अपने नाम कर लिया। भारत की बेटियां अपने दम पर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले 30 दिन के भीतर इन बेटियों ने 3 वर्ल्ड कप जीत लिए हैं। सबसे पहले भारत की महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसके बाद ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया। उन्होंने फाइनल में नेपाल को 7 विकेट से हराया और ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का खिताब कोलंबो में जीता। पहली बार ब्लाइंड महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन हुआ था। इसके बाद अब भारत की महिला कबड्डी टीम ने भी वर्ल्ड कप जीत लिया है। हमारी सोच चाहे कैसी भी रही हो, सच तो यही है कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर या उनसे आगे हैं, भले ही उन्हें विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक बाधाओं का सामना करना पड़े। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी मेहनत, लगन और बुद्धिमत्ता से पुरुषों को मात दे रही हैं। इतना सब होने के बावजूद आज भी हमारे समाज में दहेज के लिए हत्या, यौन शोषण, कन्या भ्रूण हत्या व महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुरीतियां भी हैं। जिन पर पार पाना अभी शेष है। ऐसे लोग भी हैं जो इतना सब होने के बाद भी महिलाओं को दोयम दर्जे का समझते हैं और उन्हें किसी तरह के अधिकार देने को तैयार नहीं। अगर हम ऐसी मानसिकता से निपटने में कामयाब रहे तो तय है कि ये आधी आबादी न केवल देश को ज्यादा गौरवान्वित करेगी बल्कि विकास की रफ्तार भी तेज होगी।



प्रेरणा

नायब सिंह सैनी

हिंदुस्तान गुरुओं, संतों, महापुरुषों, फकीरों का देश है। प्रदेश में कुरुक्षेत्र की धरती पर अधर्म के विरुद्ध धर्म की रक्षा के लिए महाभारत का युद्ध हुआ। महाराज कुरु ने स्वर्ण मंडित हल चलाया एवं भगवान श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। इसीलिए हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वीं शहादत समागम ज्योतिसर में मनाने का फैसला लिया। सरकार ने संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना शुरू की, जिसके अंतर्गत श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी, श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी, बाबा बंदासिंह बहादुर जी, धन्ना भगत जी, संत कबीर जी, संत नामदेव जी और संत रविदास जी सहित अन्य महान संतों के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम किए जाते हैं।

# धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षक गुरु तेग बहादुर

भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर में यदि किसी एक व्यक्तित्व की उपस्थिति सदियों से अडिग, उज्ज्वल और अमर रही है, तो वे हैं श्री गुरु तेग बहादुर जी, जो पीढ़ी दर पीढ़ी मानवता के सच्चे रक्षक, अत्याचार के विरुद्ध अदम्य साहस के प्रतीक और धार्मिक स्वतंत्रता के महान संरक्षक के रूप में जाने जाते हैं। उनका बलिदान केवल एक समुदाय या क्षेत्र के लिए नहीं था, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए था। एक ऐसा बलिदान, जिसने भारत की आध्यात्मिक आत्मा को सुरक्षित रखा और "वसुधैव कुटुम्बकम" के सिद्धांत को जीवंत किया।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के बचपन का नाम त्याग मल था। वे छठे पातशाह श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी व माता नानकी जी की संतान थे। उनका जन्म 1 अप्रैल 1621 ई. को अमृतसर में हुआ। वहां आज गुरुद्वारा 'गुरु के महल' के नाम से सुशोभित है।

गुरु जी के जन्म के समय, हिन्दुस्तान पर मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन था। वह पूरे भारतवर्ष का इस्लामीकरण करना चाहता था। भारत में उस समय बहुतायत, सनातन को मानने वालों की थी। औरंगजेब के धर्म परिवर्तन के लिए किए जा रहे अत्याचार से सताए हुए तत्कालीन हिंदू नेता पंडित कृपा राम जी ने कश्मीर से अपने साथियों के साथ श्री आनंदपुर साहिब (पंजाब) में गुरु तेग बहादुर जी के पास पहुंच कर किए जा रहे जुल्म को रोकने तथा धर्म की रक्षा करने की विनती की।

गुरु जी ने उनकी फरियाद सुनकर कहा कि ऐसे अत्याचारों को रोकने के लिए किसी महापुरुष को बलिदान देना होगा। उस समय बालक गोबिंद राय ने पूरी वार्ता सुनकर, अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी से कहा कि, आप जी से बड़ा कोई महापुरुष नहीं हैं। इसलिए बलिदान आपको ही देना चाहिए। यह सुनकर, गुरु जी ने अन्तर्मुग्ध होते हुए, आए फरियादियों से कहा कि जाओ, औरंगजेब को कह दो, कि यदि गुरु तेग बहादुर जी धर्म परिवर्तन कर लेंगे तो पूरा भारतवर्ष ही, इस्लाम कबूल कर लेगा। यह संदेश जब औरंगजेब को मिला तब उसने गुरु जी को दिल्ली दरबार में उपस्थित होकर इस्लाम कबूल करने को कहा। तब उन्होंने दृढ़तापूर्वक, फ़तवा स्वीकार करने से इनकार कर दिया। बादशाह ने अवज्ञा का परिणाम, मृत्यु के रूप में कबूलने के लिए कहा। सजा की तारीख 11 नवंबर, 1675 तय करके चांदनी चौक, दिल्ली में गुरु जी के साथ गए तीन श्रद्धालुओं - भाई दयाला जी, भाई सती दास जी और भाई मती दास जी को देग में उबाल, रूई में लपेट जलाकर और आरे से चीरकर शहीद करने के बाद भी जब गुरु तेग बहादुर जी घबराए नहीं, बल्कि दृढ़ रहे, तब गुरु जी का शीश भी धड़ से अलग कर दिया।

इतना ही नहीं, भाई जैता जी को दिल्ली से आते हुए, गांव गढ़ी कुशाला (बढ खालसा) सोनीपत में, शीश सहित मुगल फौज ने घेर लिया। इस गांव के गुरु घर के अनन्य सेवक, भाई कुशाल सिंह दहिया ने, अपने शीश को पुत्र द्वारा फौज के हवाले करवा दिया और फिर भाई जैता जी फौज को चकमा देकर गुरु जी के शीश सहित तरावड़ी, अम्बाला से होते हुए श्री आनंदपुर साहिब पहुंचे। उनके शीश को आनंदपुर साहिब पहुंचाने के लिए भाई जैता जी ने सेवा निभाई। पवित्र शरीर का संस्कार उस समय के विश्व के सबसे अमीर लोगों में शामिल लक्खी शाह वंजारा ने अपने गांव रायसिना (दिल्ली) में



अपने घर में रख आग लगाकर किया था। इस हृदय-विदारक घटना के उपरांत ही, मुगलिया सल्तनत का पतन होना तय हो गया।

यह हमारा गौरव है कि हमारा हिंदुस्तान गुरुओं, संतों, महापुरुषों, फकीरों का देश है। यहीं हरियाणा प्रदेश में कुरुक्षेत्र की धरती पर अधर्म के विरुद्ध धर्म की रक्षा के लिए महाभारत का युद्ध हुआ। यहां महाराज कुरु ने स्वर्ण मंडित हल चलाया एवं भगवान श्री कृष्ण जी ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। इसीलिए हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहादत समागम ज्योतिसर में मनाने का फैसला लिया।

हरियाणा में ही, सिख समुदाय के पहले बादशाह बाबा बंदा सिंह बहादुर की राजधानी लोहगढ़ (यमुनानगर) में मार्शल आर्ट इंस्टीट्यूट व श्री गुरु तेग बहादुर मेडिकल कॉलेज, यमुनानगर बनाया जा रहा है। श्री गुरु नानक देव जी के गुरुद्वारा चिल्ला साहिब (सिरसा) की 72 कनाल भूमि बिना कोई कीमत लिए कमेटी को निशुल्क दी गई। सारे प्रदेश में, अन्य स्थानों पर भी स्मारक द्वार, कॉलेज एवं संस्थानों का नामकरण गुरु साहिबानों के नाम पर किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में सारे विश्व में, लगभग 142 विदेशी दूतावास हैं, वहां के स्थानीय लोगों के सहयोग से, गुरु जी की शहादत को नमन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर आठ गुरु साहिबान, श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु अमरदास जी, श्री गुरु अर्जुन देव जी, श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी, श्री गुरु हरिराय जी, श्री गुरु हरिकृष्ण जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी तथा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने समय-समय पर इस धरती पर अपने चरण डालकर पवित्र किया।

हरियाणा सरकार द्वारा पहली नवम्बर से 25 नवम्बर, 2025 तक हरियाणा में गुरु साहिब जी की स्मृति में अनेक आयोजन किए हैं जोकि जन-सहभागिता और आध्यात्मिक एकता की अनोखी मिसाल बने हैं। राज्यभर में चारों दिशाओं से निकली श्रद्धा यात्राएं एक अनोखा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सव बन गई हैं। राज्य में 8 नवंबर को रोड़ी (सिरसा), 11 नवंबर को पिंजौर (पंचकूला), 14 नवंबर को फरीदाबाद तथा 18 नवंबर को कपाल मोचन (यमुनानगर) में आयोजित यात्राओं ने हरियाणा को सचमुच एक आध्यात्मिक और भाईचारे की एकजुटता के धागे में पिरो दिया है। प्रदेश के गांव-गांव में कीर्तन, भजन, सत्संग और गुरु साहिब जी की वाणी का पाठ किया गया।

गुरु तेग बहादुर जी की स्मृति में प्रदेश सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में 'गुरु तेग बहादुर चेयर' की स्थापना की। अंबाला के पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम बदलकर गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। करनाल में एक भव्य मैराथन तथा टोहाना-जींद-नरवाना मार्ग को "गुरु तेग बहादुर मार्ग" नाम देने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। कलेसर क्षेत्र में "गुरु तेग बहादुर वन" विकसित किया जा रहा है। यमुनानगर के किशनपुर में "जी.टी.बी. कृषि महाविद्यालय" की स्थापना भी प्रस्तावित है। इन सभी पहलों का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, बलिदान और मानवता के अद्वितीय संदेश को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

गुरु साहिब जी के संदेश आज भी हमारे दिलों में उतने ही जीवन्त और प्रभावशाली हैं, जितने 350 वर्ष पहले थे। उनकी अमर वाणी और उनका अद्वितीय बलिदान हमें तथा आने वाली पीढ़ियों को सदा प्रेरित करता रहेगा। गुरु जी की शहादत संबंधी, गुरु परंपरा के समकालीन कवि "सेनापति" ने उपयुक्त और अति सुंदर कहा है-

'प्रगट भयो गुरु तेग बहादर, सकल सृष्ट पै ढापी चादर'

## पद ग्रहण

डॉ. चन्द्र त्रिखा



# जस्टिस सूर्यकांत : गांव से मुख्य न्यायाधीश तक

राष्ट्रपति भवन का ऐतिहासिक प्रांगण एक बार पुनः भारतीय लोकतंत्र की गौरवशाली परंपरा का साक्षी बना, जब जस्टिस सूर्यकांत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण की शपथ लेते हुए भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण किया। यह क्षण केवल एक संवैधानिक औपचारिकता भर नहीं था, बल्कि भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक ऐसे अध्याय का उद्घाटन था जिसमें अनुभव, संवेदनशीलता और नैतिक दृढ़ता तीनों एक साथ दिखाई देती हैं।

जस्टिस सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार जिले के पेटवाड़ गांव में हुआ। ग्रामीण परिवेश, सादगी, मेहनत और संस्कारों से भरे वातावरण ने उनके व्यक्तित्व का वह आधार गढ़ा, जिस पर आगे चलकर भारतीय न्यायपालिका की ऊँचाइयों तक पहुंचने का महल खड़ा हुआ। उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से कानून की शिक्षा प्राप्त की और शुरुआत में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में वकालत की। उनके कामकाज, स्पष्टवादिता और न्याय के प्रति संवेदनशील दृष्टि ने उन्हें शीघ्र ही एक प्रतिष्ठित वकील और बाद में एक विश्वसनीय न्यायाधीश के रूप में स्थापित कर दिया। राष्ट्रपति द्वारा आज उन्हें मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और इसके साथ ही उन्होंने लगभग पंद्रह महीने के अपने कार्यकाल की शुरुआत की, जो 9 फरवरी 2027 को पूरा होगा। यह अवधि भले ही अपेक्षाकृत छोटी है, परन्तु भारत की न्यायपालिका में इस दौरान अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक, सामाजिक और प्रशासनिक मामलों पर निर्णय लिये जाने की संभावना है। जस्टिस सूर्यकांत पहले भी कई महत्वपूर्ण फैसलों का हिस्सा रहे हैं, चाहे वह अनुच्छेद 370 से संबंधित मुद्दे हों, गोपनीयता और निगरानी (पेगासस) जैसे संवेदनशील प्रश्न हों, या फिर सामाजिक न्याय, पर्यावरण और भ्रष्टाचार से जुड़े जटिल मामले हों। उनका दृष्टिकोण संतुलित माना जाता है, जहां कानून की कठोरता है, वहीं मानवीय संवेदना का भी समावेश मिलता है। जस्टिस सूर्यकांत के व्यक्तित्व की जड़ें उनके परिवार और विशेष रूप से उनके पिता श्री मदन गोपाल शास्त्री की शिक्षा में दिखती हैं। शास्त्री जी संस्कृत के अध्यापक थे, लेकिन केवल अध्यापन तक सीमित नहीं थे। वे संस्कृत साहित्य के साथ-साथ हरियाणा की लोक-सांस्कृतिक परंपराओं के भी संरक्षक थे। उनके जीवन का मूल आधार सादगी, स्पष्टवादिता और पारदर्शिता था। परिवार में आपसी सम्मान की परंपरा इतनी गहरी थी कि सभी बच्चों के घरों में माता-पिता के लिए अलग कमरे बनाए गए थे। यह सिर्फ सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि उन संस्कारों का द्योतक है जिन्हें इस परिवार ने पीढ़ियों से सँभाल कर रखा। इसी पृष्ठभूमि में पले-बढ़े सूर्यकांत के सार्वजनिक जीवन में भी वही विनम्रता और संतुलन दिखाई देता है। शायद यही कारण है कि उनके निर्णयों में व्यवहारिकता का अद्भुत संतुलन देखने को मिलता है। राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह केवल जस्टिस सूर्यकांत का सम्मान नहीं था, बल्कि न्यायपालिका के उस विश्वास का प्रतीक था जो देश की संपूर्ण न्याय व्यवस्था को संचालित करता है। जब वे शपथ ले रहे थे, तो वह क्षण भारतीय संविधान की आत्मा को नए नेतृत्व के सुपुर्द करने जैसा था। यह नेतृत्व अनुभव, संवेदना, श्रम और विनम्रता से निर्मित है। इस नेतृत्व से न्यायपालिका को नई स्थिरता और नई दिशा मिलने की उम्मीद स्वाभाविक है।भारत जैसे विविधता वाले देश में न्यायपालिका का नेतृत्व केवल कानूनी क्षमता पर आधारित नहीं होता, बल्कि उसकी नैतिक और सामाजिक समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। जस्टिस सूर्यकांत का जीवन हमें यह संदेश देता है कि महान ऊँचाइयों तक पहुंचने के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार, संकल्प और सादगी भी उतनी ही ज़रूरी हैं। उनके कार्यकाल से इस बात की उम्मीद की जाती है कि वे न्यायपालिका में पारदर्शिता, त्वरित न्याय और संवैधानिक मूल्यों को और सुदृढ़ करेंगे। उनका सफर एक अत्यंत साधारण परिवेश से शरू हआ था.

# असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया।

# कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित

प्रेरणा

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूँ। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया।वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योंकि मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं, ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आतंक पर निर्णायक सख्ती जरूरी

भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आतंकवाद का स्वरूप बदलकर और भी जटिल और खतरनाक हो चुका है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों में हाल की घटनाएं केवल हिंसक वारदातें नहीं, बल्कि यह चेतावनी हैं कि हमारी सुरक्षा संरचनाओं में अभी भी जितनी मजबूती और तत्परता होनी चाहिए, वह नहीं है। हर विस्फोट केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि यह प्रश्न भी है कि एक उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में भारत क्या अपनी आंतरिक सुरक्षा को उसी गंभीरता से देख रहा है, जैसी दुनिया के विकसित राष्ट्र देखते हैं? अमेरिका ने 9/11 की भयावहता के बाद आतंकवाद को गंभीर खतरे के रूप में लिया। भारत को भी अब उसी स्तर की संवेदनशीलता और निर्णायकता की आवश्यकता है।

*-प्रवीण साहू, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### युग का अंत



धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के एक युग का अंत है। वे एक प्रतिष्ठित फिल्मी हस्ती, एक अद्भुत अभिनेता थे जिन्होंने अपनी हर भूमिका में आकर्षण और गहराई भर दी। जिस तरह से उन्होंने विविध भूमिकाएं निभाईं, उसने अनगिनत लोगों के दिलों को छुआ।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रिश्ता और भी गहरा



कई अन्य लोगों की तरह, मुझे भी धर्मेंद्र जी से तुरंत लगाव हो गया, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से हमारा मनोरंजन किया। जब मैं उनसे मिला तो पर्दे के पीछे का यह रिश्ता और भी गहरा हो गया। उनकी ऊर्जा अविश्वसनीय रूप से प्रभावशाली थी।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### जरूर याद आएगा



भारतीय सिनेमा की रोशनी आज मंद पड़ गई है। हम इस दुनिया में धर्मेंद्र जी को मिस करेंगे, लेकिन स्क्रीन पर उनकी चमक हमेशा कायम रहेगी। जब भी दोस्ती के फसाने कहे जाएंगे, 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' जरूर याद आएगा।

- गौतम अडाणी, उद्योगपति

### उदार हृदय वाले



सबसे दयालु इंसान। धरमजी निस्संदेह भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे स्नेही और दयालु व्यक्ति थे। वे अच्छाई की प्रतिमूर्ति थे। उन्हें हीमैन कहा जाता था, लेकिन वे सबसे कोमल और उदार हृदय वाले थे।

- अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# कनाडा नागरिकता कानून में जल्द करेगा संशोधन

कनाडा ने वंश-आधारित नागरिकता कानून को आधुनिक बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। इस अधिनियम में संशोधन करने वाले विधेयक को शाही मंजूरी मिल गई है। इस कदम से का असर भारतीय मूल के हजारों परिवारों पर पड़ने की संभावना है। कनाडा सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नागरिकता अधिनियम (2025) में संशोधन करने वाले विधेयक सी-3 को शाही स्वीकृति मिल गई है। इसमें कहा गया कि यह नागरिकता अधिनियम को और अधिक समावेशी बनाने और कनाडाई नागरिकता के मूल्य को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।




## ऑफ बीट

# मातृत्व महिलाओं के खर्च करने का तरीका बदल देता हैं

हमें काफी लंबे समय से ये मालूम हैं कि मातृत्व के चलते महिलाओं को न केवल अपनी आय, पदोन्नति और करियर में तरक्की से हाथ धोना पड़ रहा है बल्कि वे खामोशी के साथ अपनी जमा पूंजी भी खर्च कर रही हैं, रोजमर्रा के खर्चों का बोझ उठा रही हैं और वित्तीय त्याग भी कर रही हैं, जिससे उन्हें दीर्घकालिक नुकसान हो रहा है। महिलाओं की आय पर मातृत्व के प्रभाव के बारे में हम पहले से ही जानते हैं। स्टैटिस्टिक्स कनाडा द्वारा 2015 में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि पिता के प्रत्येक डॉलर के मुकाबले माताएं 85 सेंट कमाती हैं।



## संक्षेप

### आईडी पासवर्ड से धोखाधड़ी

**लंभुआ तहसील के एमजे और सहयोगी पर गलत आदेश अपलोड करने का आरोप, केस दर्ज**

सुलतानपुर, लंभुआ तहसील में एक गंभीर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। तत्कालीन रीडर उपजिलाधिकारी (प्रशासनिक) मो. खालिद ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी-202104680303460 पर गलत आदेश अपलोड किया गया है। इस मामले में एमजे शरद कुमार सिंह और उनके सहयोगी कंप्यूटर ऑपरेटर ध्रुव कुमार मिश्रा पर आरोप लगाया गया है। जांच में पता चला कि गंगा प्रसाद आदि बनाम ग्राम पंचायत आदि से संबंधित धारा 144 30प्र0 राजस्व संहिता 2006 का एक आदेश कूटरचित तरीके से 10 जून 2023 को आईडी पासवर्ड में छेड़खानी करके अपलोड किया गया था। यह आदेश उस वाद संख्या पर अपलोड किया गया, जबकि मूल रूप से यह वाद न्यायालय में विचाराधीन है। मो. खालिद ने बताया कि गंगाप्रसाद आदि बनाम ग्राम पंचायत आदि की एक अन्य पत्रावली में तत्कालीन रीडर सौरभ रावत ने 16 जुलाई 2024 को फाइल न मिलने के कारण वाद को त्रुटिवश अंकित होने का उल्लेख कर निस्तारित कर दिया था।

### पैगम्बर मोहम्मद की बेटी की याद में रक्तदान शिविर

**सुल्तानपुर में ग्लोबल हुसैनी मिशन और नोब-लरे सोसायटी का आयोजन, 20 यूनिट संग्रह**

सुलतानपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में 'रक्त अमृत' शीर्षक के तहत एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संयुक्त आयोजन ग्लोबल हुसैनी मिशन और नोब-लरे सोसायटी द्वारा 'अय्याम-ए-फातिमिया' के अवसर पर किया गया था। यह रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें कुल 20 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के समन्वयक अमन सुल्तानपुरी ने बताया कि 'अय्यामें अजाए फातमिया' के अवसर पर पूरे उत्तर प्रदेश में 'रक्त अमृत' नाम से रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने गंगा-जमुनी तहजीब का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वालों में समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व विधायक अनूप संडा, अहमद हैदर सैफ सहित अन्य 20 लोग शामिल थे।

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**हादसे में मुंबई के व्यवसायी की मौत, तीन अन्य घायल; अयोध्या से जौनपुर जा रहे थे**

सुलतानपुर, एक भीषण सड़क हादसे में जौनपुर जिले के व्यवसायी की मौत हो गई। वह अयोध्या में अपने मित्र के बेटे के विवाह समारोह में शामिल होकर कार से वापस जौनपुर लौट रहे थे। हादसे में कार सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक को हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना चांदा कोतवाली क्षेत्र के ईशीपुर गांव के पास का है। कार चला रहे डॉ. पारस यादव ने बताया कि अचानक सड़क पर एक नीलगाय के आ जाने से कार अनियंत्रित हो गई। पहले कार नीलगाय से टकराई, फिर बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए गलत दिशा में पहुंच गई। इस दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई।

# एसएसबी ने घुमनाभारु में आयोजित किया नागरिक कल्याण कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



मोतीपुर, बहराइच ।59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा आज नागरिक कल्याण कार्यक्रम (सीएपी) के अंतर्गत नेपाल सीमा से सटे वाइब्रेंट गाँव घूमनाभारू में युवाओं को खेल सामग्री वितरित की गई तथा एक नवीन वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन वाहिनी के कमान्डेंट कैलाश चंद रमोला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर ने युवाओं को जर्सी (18 सेट), जूते (18 जोड़ी) तथा वॉलीबॉल (02) प्रदान किए और ग्राम पंचायत को सामग्री का हस्तांतरण पत्र सौंपा। वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण 59 वीं वाहिनी द्वारा ग्रामीण युवाओं में खेल भावना और फिटनेस को प्रोत्साहित करने हेतु किया गया है ।उद्घाटन के उपरांत घूमना भारु एवं बंगाली पूर्वा की टीमों के मध्य एक प्रदर्शनी वॉलीबॉल मैच आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उम्दा खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में कार्यवाहक कमांडेंट श्री ठाकुर ने कहा कि खेल और शिक्षा से युवा स्वयं का उज्ज्वल भविष्य निर्माण कर सकते हैं तथा नागरिक कल्याण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम की सराहना स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों तथा डिजिटल एवं प्रिंट मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा की गई ।इस मौके पर ओमप्रकाश मिश्र उप कमांडेंट सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### मामूली विवाद को लेकर दबंगों ने सभासद को पीटा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में खड़जे पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर एक सभासद के साथ मारपीट की गई। यह घटना बुधवार देर शाम करीब आठ बजे कस्बा मोहल्ला गुलाम मुस्तफा में हुई। सभासद अतीक खां ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है ।सभासद अतीक खां ने आरोप लगाया कि मोहल्ले के कुछ दबंग लोग जबरन खड़जे को बंद कर रहे थे। इस रास्ते से लोगों की आवाजाही रहती है। तीन दर्जन से अधिक महिलाओं ने इस संबंध में सभासद से शिकायत की, जिसके बाद अतीक खां मौके पर पहुंचे और दबंगों को रोकने का प्रयास किया। इससे नाराज होकर दबंगों ने सभासद के साथ मारपीट और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद सभासद अतीक खां ने नगर पालिका अध्यक्ष से संपर्क किया। नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने अवैध कब्जा कर रहे लोगों को रोका। सभासद ने अपनी जान को खतरा बताते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है ।इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसकी पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

# बाबा परमहंस कुटी पर वितरित हुआ ऊनी कंबल



**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। अपना दल (एस) के लोकप्रिय विधायक नानपारा राम निवास वर्मा की तरफ से बाबा परमहंस कुटी पर राम विवाह के उपलक्ष्य में दूर-दराज से आए सैंकड़ो साधु-संतो व विरक्त लोगों को विधायक प्रतिनिधि दामोदर दास वर्मा एवं अभय वर्मा ने सयुंक्त रूप से कम्बल भेंटकर आशीर्वाद लिया। बाबा परमहंस कुटी पर मंगलवार से शुरू 15 दिवसीय धनुष यज्ञ मेले में देश-विदेश के कोने-कोने से आए सैंकड़ो साधु संतो को सहभोज कराकर हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को नारायण सेवा कार्य में हर संभव सहयोग करना चाहिए।तत्पश्चात अपना दल (एस) नानपारा विधानसभा अध्यक्ष पेशकार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जरूरतमंदों एवं साधु संतों को ठंडी से निजात हेतु चार सौ कम्बल वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों, निर्बलो, दीन-हीनो की भलाई व उनकी सेवा करना ही लोकप्रिय विधायक रामनिवास वर्मा का मुख्य उद्देश्य है। ऊनी कंबल वितरण सेवा कार्य के अवसर पर श्री राम जानकी मंदिर के अध्यक्ष बाबादीन वर्मा, जिला सचिव प्रमोद पटेल, मेला समिति अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, राजीव वर्मा सहित दर्जनों समाजसेवी उपस्थित रहे।

# नशबंदी कैम्प में 14 महिलाओं ने कराया नशबंदी

**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरदा में गुरूवार को नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 14 महिलाओं का सफल नशबंदी ऑपरेशन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ महेश विश्वकर्मा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नवाबगंज ब्लॉक की 14 महिलाओं को एंबुलेंस से लाकर सीएचसी चरदा में नसबंदी का सफल ऑपरेशन हुआ। नसबंदी कैंप में चौदह महिलाओं की नसबंदी की गई। डॉ महेश विश्वकर्मा ने बताया कि ननकई देवी, हसीना, अनीता देवी, पूजा देवी, राधा देवी, गायत्री देवी, किरण देवी सहित चौदह महिलाओं ने नसबंदी कैंप में रजिस्ट्रेशन कराया था। सभी महिलाओं को क्षेत्र की आशा कार्यकत्री के साथ एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। ऑपरेशन के बाद जरूरी दवाओं के साथ कम से कम 15 दिनों तक बेड रेस्ट और सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर के दौरान सर्जन डॉ मत्तदेव, स्टाफ नर्स रूचि सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरीराम आर्य, आशुतोष वर्मा, राहुल कश्यप समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



# महिला पीजी कालेज में 29 नवम्बर को आयोजित होगा पिंक रोजगार मेला

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा**

बहराइच। उ.प्र. रोजगार मिशन अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 29 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे महिला महाविद्यालय बहराइच में पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर द्वारा ट्रेनर, टीम लीडर व प्रबन्धक पद हेतु तथा भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सखी के पद पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। जबकि यूनिक इण्टरप्राइजेज बहराइच द्वारा स्वरोजगार हेतु गेहूँ के डण्ठल से कलाकृति बनाये जाने हेतु प्रशिक्षण से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की जायेगी। श्री कुमार ने बताया कि न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 29 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे महिला महाविद्यालय में उपस्थित होकर रोजगार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

## नशबंदी कैम्प में 14 महिलाओं ने कराया नशबंदी

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र चरदा में गुरूवार को नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 14 महिलाओं का सफल नशबंदी ऑपरेशन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ महेश विश्वकर्मा ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नवाबगंज ब्लॉक की 14 महिलाओं को एंबुलेंस से लाकर सीएचसी चरदा में नसबंदी का सफल ऑपरेशन हुआ। नसबंदी कैंप में चौदह महिलाओं की नसबंदी की गई। डॉ महेश विश्वकर्मा ने बताया कि ननकई देवी, हसीना, अनीता देवी, पूजा देवी, राधा देवी, गायत्री देवी, किरण देवी सहित चौदह महिलाओं ने नसबंदी कैंप में रजिस्ट्रेशन कराया था। सभी महिलाओं को क्षेत्र की आशा कार्यकत्री के साथ एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। ऑपरेशन के बाद जरूरी दवाओं के साथ कम से कम 15 दिनों तक बेड रेस्ट और सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर के दौरान सर्जन डॉ मत्तदेव, स्टाफ नर्स रूचि सिंह, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरीराम आर्य, आशुतोष वर्मा, राहुल कश्यप समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# नगर के सभी बूथों के अलग-अलग लगाए गए कैंप



**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को तहसील प्रशासन द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 अंतर्गत नगर के सभी बूथों के अलग-अलग कैम्प लगाए गए। क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने सभी कैंपों में पहुंचकर बीएलओ और बीएलए से मिले और सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाकर जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बांगरमऊ नगर के बूथ संख्या 184 से लेकर 220 बूथ तक के आज यहाँ कैम्प लगाए गए है।

# जमीनी विवाद में चटकी लाठियां, चले धारदार हथियार, रिश्तेदार सहित सात घायल

**अमन लेखनी समाचार**




शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुजराती पुरवा गांव में बुधवार दोपहर जमीनी विवाद को लेकर सगे भाइयों में जमकर लाठिया चटकी। इस दौरान रिश्तेदार सहित दोनों पक्ष के सात लोगों को चोटें आई हैं। थाना क्षेत्र के बरदहा कला गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका बेटा अक्षय कुमार अपनी बहन सुशीला तथा बहनोई लवकुश को लाने के लिए गुजराती पुरवा गांव गया हुआ था। अक्षय की गोदभराई होनी थी। वहीं जमीनी विवाद को लेकर भगोले, मौजी लाल तथा रामानंद तीनों सगे भाई विवाद कर रहे थे। देखते ही देखते भाइयों के बीच लाठी डंडा और धारदार हथियार चलने लगे। अक्षय कुमार बीच बचाव के लिए गया तभी भगोले और मौजी लाल आदि लोगों ने उस पर भी हमला बोल दिया। घटना में अक्षय कुमार और रामानंद को गंभीर चोटें आई। तथा लवकुश, चमन, शत्रोहन, मंजू देवी, रज्जो देवी आदि लोगों को मामूली चोटें आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी शिवपुर भेजा। जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। डॉ. विकास सिंह ने बताया कि अक्षय कुमार और रामानंद को गंभीर चोट आने की वजह से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# समन्वय बैठक में विधायक और जिपं अध्यक्ष में नोकझोंक

**अलीगढ़ में राष्ट्रीय एकता यात्रा की अनुमति न देने से विवाद, मंत्री और सांसद ने हस्तक्षेप किया**

**अमन लेखनी समाचार**



अलीगढ़, छर्रा विधानसभा का अंदरूनी सत्ता-संघर्ष सर्किट हाउस में चल रही समन्वय बैठक में सामने आ गया। सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में चल रही समन्वय बैठक अचानक सियासी अखाड़ा बन गई। यहां भाजपा से छर्रा विधायक ठा. रवेंद्रपाल सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह आमने-सामने आ गए। दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप इतने तीखे हुए कि मंत्री और सांसद सतीश गौतम को बीच-बचाव कर हस्तक्षेप करना पड़ा। विधायक रवेंद्रपाल सिंह ने बैठक में डीएम को शिकायत दी कि सरदार पटेल जयंती पर निकाली गई राष्ट्रीय एकता यात्रा का समापन रघुनंदन इंटर कॉलेज में होना था। यात्रा संयोजक पहले ही प्रधानाचार्य से बात कर चुके थे, लेकिन कार्यक्रम से एक दिन पहले विद्यालय के गेट पर ताले डाल दिए गए और अनुमति देने से मना कर दिया गया। विधायक ने इसे सरकारी निर्देशों वाले कार्यक्रम में जानबूझकर असहयोग बताते हुए प्रधानाचार्य की जांच की मांग रख दी। प्रधानाचार्य के खिलाफ जांच की बात सुनते ने तुरंत प्रतिवाद करना शुरू कर दिया। वह विद्यालय की प्रबंधक भी हैं। थोड़ी ही देर में दोनों ओर से तीखी बहस शुरू हो गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने यहां तक कह दिया कि अगर ऐसा था तो उनसे सीधे बात करनी चाहिए थी। राजनीतिक जानकारों की मानें तो असल जंग छर्रा विधानसभा में वर्चस्व की है। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह एक मजबूत राजनीतिक परिवार से आती हैं। उनके पति श्योराज सिंह भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी और पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू की बेटी उनकी पुत्रवधु हैं। पिछले एक साल से यह परिवार छर्रा क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटा है। यही कारण है कि दोनों के बीच चल रहा टकराव सोमवार को खुलकर सामने आ गया। विजय सिंह ने कहा कि विद्यालय की प्रबंधक होने के बाद भी उनसे अनुमति को लेकर बात नहीं की गई। उन्होंने विधायक पर उनके कार्यों में अनावश्यक दखल देने और आयोजनों में लगने वाले होर्डिंग पर उनके फोटो न लगाने जैसे आरोप भी जड़ दिए। यहां तक दावा किया कि अकराबाद में अंत्येष्टि स्थल की आधारशिला रखते समय भी विधायक ने कार्यक्रम रुकवाने की कोशिश की।

# फर्जी बिलिंग का दबाव बनाने का लगाया आरोप

**मीटर रीडर बोले– इंकार करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर, पुवायां क्षेत्र के मीटर रीडरों ने कंपनी के जोनल अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे मीटर रीडरों ने कहा कि उन पर फर्जी बिलिंग बनाने का दबाव डाला जा रहा है। आरोप है कि इनकार करने पर उन्हें नौकरी से निकालने और एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी गई। उन्होंने मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। विद्युत विभाग की मीटर बिलिंग के लिए एक निजी कंपनी के माध्यम से कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। पुवायां क्षेत्र में तैनात इन मीटर रीडरों का कहना है कि वे ईमानदारी से काम करते आ रहे हैं, जिसमें 60 प्रतिशत वास्तविक और 30 प्रतिशत घोस्ट/अनमीटर उपभोक्ताओं की औसत बिलिंग शामिल है। हाल ही में एक अधिकारी ने केवल घर-घर जाकर बिलिंग करने का आदेश दिया, जिससे कार्य धीमी गति से होने लगा। इसी बीच, कंपनी ने पुवायां में एक नए जोनल अधिकारी को भेजा। मीटर रीडरों का आरोप है कि इस अधिकारी ने 60 प्रतिशत फर्जी बिलिंग कराने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इस अनैतिक कार्य को करने से मना किया, तो जोनल अधिकारी भड़क गए और धमकी दी कि वे किसी और से फर्जी बिलिंग करा लेंगे और उन्हें नौकरी से निकाल देंगे। रीडरों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस जोनल अधिकारी को भेजा गया है, उन्हें इससे पहले बरेली में भी फर्जी बिलिंग कराने के आरोप में हटाया गया था। उनका दावा है कि 19 से 23 तारीख के बीच 15 हजार फर्जी बिल तैयार किए गए हैं। उन्होंने कंपनी और फर्जी बिलिंग कराने वाले अधिकारी की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अधीक्षक अभियंता ने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने जानकारी दी कि पूरे मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रॉन्ग साइड अर्टिगा ने कार को मारी टक्कर

**चालक फरार, एयरबैग खुलने से परिवार की जान बची**

**अमन लेखनी समाचार**



कुशीनगर, दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। जबकि टक्कर मारने वाला अर्टिगा चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित पक्ष ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना कप्तानगंज थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार शाम करीब 4 बजे मथौली बाजार निवासी राजकुमार यादव अपने परिवार की दो महिलाओं और बच्चों के साथ अपनी कार से रामकोला की ओर से घर लौट रहे थे। कप्तानगंज स्थित इराकी एचपी पेट्रोल पंप के पास रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा जिस पर 'आर्मी' लिखा था। उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजकुमार की क्विड कार के एयरबैग खुल गए। जिससे परिवार के सदस्यों की जान बच गई। हालांकि, कुछ लोगों को हल्की चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद अर्टिगा चालक कुछ दूर तक गाड़ी लेकर भागा। फिर उसे छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने कार सवार परिवार को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी।

# कुशीनगर में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**अनुभवी शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता का किया विरोध**

**अमन लेखनी समाचार**



कुशीनगर, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने देशभर के सभी शिक्षकों पर अनिवार्य रूप से टीईटी (टीईटी) लागू किए जाने का विरोध किया है। महासंघ ने रविंद्र नगर में सांसद विजय कुमार दुबे को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अनुभवी शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता को अनुचित और असंगत बताया गया। महासंघ ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यह निर्णय न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि यह शिक्षकों के सम्मान, अनुभव और शिक्षा व्यवस्था में उनके दीर्घकालिक योगदान की उपेक्षा भी करता है। महासंघ का मानना है कि वर्षों से कार्यरत शिक्षकों की कार्यक्षमता सिद्ध एवं संतोषजनक है। गोरखपुर मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि अनेक शिक्षक लंबे समय से विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में उन पर पुनः टीईटी अनिवार्य करना अनुचित एवं असंगत है। जिलाध्यक्ष अविनाश शुक्ल ने बताया कि यह निर्णय शिक्षकों पर अनावश्यक मानसिक दबाव उत्पन्न करता है।

## संक्षेप

### पूर्व सभासद की मौत, परिजन ने कार्रवाई की मांग की

#### मुरादनगर हादसे में पुलिस पर लापरवाही का आरोप, तहसील पर प्रदर्शन

मोदीनगर, नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद और भाजपा नेता लोकेश डोढ़ी की मौत के मामले में उनके परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने मोदीनगर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उनका आरोप है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। लोकेश डोढ़ी मोदीनगर की डबल स्टोरी कॉलोनी के निवासी थे। वह मोदीनगर नगरपालिका के पूर्व सभासद रह चुके थे और वर्तमान में उनकी बहन सभासद हैं। सात दिन पहले, लोकेश गाजियाबाद कोर्ट से अपनी बाइक पर लौट रहे थे। मुरादनगर में नमो भारत रेलवे स्टेशन के पास एक कैंटर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मुरादनगर पुलिस ने इस मामले में सड़क हादसे में मौत की धारा के तहत केस दर्ज किया है, लेकिन परिजनों का आरोप है कि अब तक आरोपी कैंटर चालक का पता नहीं लगाया जा सका है। गुस्साए परिजनों ने मोदीनगर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। लोकेश की बहन ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले में लापरवाही बरत रही है। उन्होंने बताया कि उन्हें अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दी गई है और न ही घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज उपलब्ध कराई गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि यह घटना किसी षड्यंत्र का हिस्सा हो सकती है, जिसे पुलिस दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने एसीपी कार्यालय में एक शिकायती पत्र भी दिया है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

### कुत्तों ने बच्चे को नोंचकर मार डाला

#### डेढ़ साल का बच्चा ननिहाल आया था, पंजाब से लेकर आई थी मां

मेरठ, बेगमपुल चौकी के सामने आवारा कुत्तों ने खानाबदोश परिवार के डेढ़ साल के मासूम बच्चे को नोचकर मार डाला। बच्चा अपने परिवार के साथ सड़क किनारे डिवाइडर पर सो रहा था, तभी कुत्तों ने उसे मां के पास से खींच लिया। घटना स्थल से करीब 100 मीटर दूर लहूलुहान हालत में बच्चे का शव मिला। बच्चा अपनी मां के साथ पंजाब से ननिहाल आया था। सदर थाना क्षेत्र के बेगमपुल चौकी के सामने डिवाइडर पर रहने वाला खानाबदोश परिवार रोज की तरह रात में वहीं सो रहा था। परिजनों का कहना है कि वे शहर की गलियों में कूड़ा बीनकर जीवनयापन करते हैं। डिवाइडर पर रहने वाली महिला गंगा ने बताया कि उसकी बेटी गंगोत्री की शादी पंजाब के रमेश से तीन साल पहले हुई थी। गंगोत्री का डेढ़ वर्षीय इकलौता बेटा सीते भी साथ था। रविवार सुबह गंगोत्री अपने मायके मेरठ पहुंची थी।

खाना खाने के बाद पूरा परिवार डिवाइडर पर सो गया। लगभग रात 10 बजे गंगोत्री की आंख खुली तो उसने बच्चे को गायब पाया। परिवार ने तत्काल खोज शुरू कर दी।

# एनटीपीसी गेट पर प्रदर्शन, इलाका छावनी में बदला

## कांग्रेस नेता हिरासत में; धरना देने पहुंचे कई लोग पकड़े गए

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, मेजा एनटीपीसी के खिलाफ किसानों, नौजवानों और बेरोजगारों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस विरोध का नेतृत्व कांग्रेस नेताओं ने किया। एनटीपीसी गेट पर प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पहले से सतर्क था। सुबह से ही पूरे क्षेत्र को छावनी में बदल दिया गया और पीएसी ने एनटीपीसी परिसर को घेर लिया। एनटीपीसी की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग की जा रही है। किसी को भी आसपास जमा होने की अनुमति नहीं है। कांग्रेस नेता नमस्ते यादव को एनटीपीसी के



मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते समय पुलिस ने हिरासत में ले लिया। भीड़ को भी आगे बढ़ने नहीं दिया गया। इसके बावजूद नमस्ते यादव गांव के रास्ते बाइक से प्रदर्शन स्थल तक पहुंच गए और जमीन पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। तभी पुलिस ने उन्हें उठाकर बस में बैठा लिया और वहां से ले गई। कांग्रेस नेता के साथ कई अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।


जो भी व्यक्ति विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंच रहा है, पुलिस उसे थाने ले जा रही है। वज्र वाहन के जरिए लोगों को हटाने की तैयारी भी की जा रही है। दरअसल, प्रशासन ने इस विरोध और धरने की अनुमति नहीं दी है। ऐसे में इसे अवैध मानते हुए कार्रवाई की जा रही है।

प्रयागराज के मेजा कोहड़ार स्थित एनटीपीसी के मुख्य गेट पर कांग्रेस नेता नमस्ते यादव और जितेंद्र के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का ऐलान किया गया था। यह प्रदर्शन उचित मुआवजा न मिलने और एनटीपीसी में स्थानीय युवाओं को नौकरी न देने के विरोध में किया जा रहा है।

# वकीलों ने 5 घंटे से जाम लगाया

## पुलिस-वकीलों के बीच हुई थी झड़प; धरने पर बैठे, अफसर बोले जांच करा रहे

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, धूमनगंज पुलिस थाने में पुलिस और वकील के बीच एफआईआर दर्ज कराने को लेकर विवाद के बाद मामला गंभीर हो गया। जिसके बाद वकील अपने साथियों के साथ धरने पर बैठ गए हैं। धरने पर बैठने के बाद दोनों तरफ से अवागमन प्रभावित हो जाने से 5 ह्वे लंबा जाम लग गया है। फिलहाल मौके पर पुलिस बल पहुंची गयी है, नाराज वकीलों को समझाने में जुटी है। पूरा मामला धूमनगंज का जहां अधिवक्ता देवधर त्रिपाठी के आईसीआईसीआई के अकाउंट से बैंक मैनेजर अमित कुमार ने 16 लाख रुपए किसी अन्य व्यक्ति को ट्रेजरी के जरिए ट्रांसफर कर दिया था। जिसके खिलाफ अधिवक्ता देवधर त्रिपाठी एफआईआर दर्ज कराने धूमनगंज थाना पहुंचे थे। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने उनके साथ बदसुलूकी की, जिससे नाराज अधिवक्ता अपने साथियों सहित जीटी रोड (कानपुर प्रयागराज) मार्ग पर धरने पर बैठ गए है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच करा रहे हैं। बदसलूकी जैसी कोई बात नहीं। मामला बैंक से जुड़ा है। पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई कर रही है। फिलहाल मुख्य मार्ग होने से लंबा जाम लग गया है दोनों लेन में कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया है। पिछले आधे घंटे से लगे जाम के बाद स्थिति गंम्भीर हो गई है। मौके पर जाम में फंसे लोग परेशान हैं। मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच चुकी है और मामले को शांत कराने की कोशिश की जा रही है।

# किसानों के खेतों में पहुंचा मिट्टी परीक्षण सचल दल

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। बिन्दकी तहसील के मलवां विकास खंड के मवईया गांव स्थित नाबार्ड के द्वारा प्रायोजित कृषि विभाग के संस्थान उत्कर्ष फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड परिसर में क्षेत्रीय किसानों की मिट्टी का परीक्षण करने के लिए इफको के द्वारा सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला बस पहुंची ।जिसमें किसानों के खेतों की मिट्टी को लेकर के परीक्षण करके उनकी मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई ।लैब टेक्नीशियन पवन कुमार शर्मा लैब असिस्टेंट श्री कृष्ण द्विवेदी और संतोष कुमार त्रिपाठी की टीम ने मिलकर 60 किसानो की मिट्टी का परीक्षण किया गया ।जहां मृदा परीक्षण की जांच के बाद पता चला कि किसानो के खेत के मृदा अस्वस्थ हो गई है ।जीवांश कार्बन का स्तर सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है जो बहुत ही चिंता की बात है। यहां पर मृदा परीक्षण करने वाले अधिकारियों ने बताया कि यूरिया और डीएपी का उपयोग धीरे-धीरे काम करके किसान नेनो यूरिया का उपयोग करें और जैविक खेती की ओर बड़े तो उसकी मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बनी रहेगी और मिट्टी स्वस्थ हो जाएगी ।यहां पर उत्कर्ष फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ हरिकृष्ण अवस्थी ने किसानों से जैविक खेती की ओर रुख करने की बात कही इफको के क्षेत्राधिकारी फतेहपुर साजिद अंसारी उपमहाप्रबंधन विपणन एके सिंह, अरविंद कुमार सहित मवईया कोरसम जलाला शाहजहांपुर बनियान खेड़ा बरेठर अलीपुर पहुर आदि गांवों के किसान उपस्थित रहे।

# शादी समारोह में चोरी, लाखों के जेवर-नगदी उड़ाए

## परतापुर में ढोल बजाने वाले दो आरोपी रंगे हाथ पकड़े गए, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, परतापुर थाना क्षेत्र के शताब्दी नगर सेक्टर-4उ में देर रात शादी की खुशियों के बीच चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। जयमाला के दौरान घर खाली पाकर दो चोर तीसरी मंजिल पर बने कमरे में घुस गए और सेफ का लॉकर तोड़कर 68 हजार रुपये नकद और करीब तीन तोला सोने-चांदी के जेवर उड़ाकर ले जाने लगे। शोर मचने पर लोगों ने दोनों को रंगे हाथ दबोचकर जमकर धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। वारदात से शादी समारोह में अफरातफरी मच गई। सेक्टर 4सी निवासी सतवीर पुत्र अतर सिंह, जो डेयरी संचालक हैं, की बेटी क्षमा की शादी थी। घर के सामने मैदान में मंडप और टेंट लगा था। रात करीब 12 बजे जयमाला कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान बारात के साथ आए दो ढोलकिए मौका देखकर मकान की



तीसरी मंजिल पर पहुंच गए। कमरा खाली पाकर दोनों ने सेफ का लॉक तोड़कर 68 हजार रुपये, लाखों की कीमत के सोने की चेन, दो जोड़ी झुमके, कंगन, बिछुआ, पाजेब और चांदी की अंगूठी समेत लाखों का सामान समेट लिया। इसी बीच सतवीर मोबाइल लेने ऊपर गए, जहां सीढ़ियों से दो युवक हड़बड़ाकर नीचे उतरते दिखे। शक होने पर उन्होंने शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिजन और पड़ोसी इकट्ठा हुए और दोनों को भागते समय पकड़ लिया। तलाशी में उनकी जेब से चोरी किया गया पूरा सामान बरामद हो गया।

वारदात यहीं तक सीमित नहीं रही। चोरों ने बाहर खड़ी एक स्विफ्ट कार का शीशा तोड़कर दो बैग चुरा लिए, जिनमें कपड़े और कीमती सामान था। गेट पर खड़ी अन्य कारों के शीशे भी तोड़े गए और उनसे भी सामान चोरी किया गया। पुलिस ने दोनों पकड़े गए चोरों से चोरी का कुछ सामान बरामद कर लिया है।

# निरपुड़ा गांव में किसानों की पंचायत

## गन्ना भुगतान, आवारा पशुओं समेत कई मांगें उठाई, कहा- आर्थिक तंगी का करना पड़ रहा सामना

अमन लेखनी समाचार



बागपत, निरपुड़ा गांव में किसानों ने एक महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया। इस पंचायत में गन्ना भुगतान में देरी, स्मार्ट मीटर योजना और आवारा पशुओं की समस्या सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। किसानों ने आरोप लगाया कि किनौनी मिल, सिंभावली शुगर मिल(हापुड़ ) और मलकपुर मिल (बागपत) सहित प्रदेश की कई चीनी मिलें किसानों को गन्ने का भुगतान समय पर नहीं कर रही हैं। उन्होंने बताया कि ये मिलें 14 दिन के भीतर भुगतान करने के अपने वादे को पूरा नहीं कर रही हैं, जिससे किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। गन्ने की बुवाई किसानों के लिए एक आवश्यकता और मजबूरी दोनों है, लेकिन समय पर भुगतान न मिलने से उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पंचायत में किसानों ने स्मार्ट मीटर योजना को तत्काल बंद करने और आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने की भी मांग उठाई। किसानों ने शासन-प्रशासन से इन सभी मामलों पर तेजी से कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने मांग की कि जो मिलें किसानों का समय पर गन्ना भुगतान नहीं कर रही हैं, उन्हें बंद किया जाए और किसानों को नई मिलों से जोड़ा जाए ताकि वे खुशहाल जीवन जी सकें। किसानों ने मुख्यमंत्री से उम्मीद जताई कि वे जल्द ही उनकी सभी मांगों को पूरा करेंगे और किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करेंगे।

# बजरंग दल के कार्यकर्ता नजरबंद

- प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे थे

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा, विकास प्राधिकरण के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले सुबह दनकौर पुलिस ने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गौ रक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर को घर पर नजरबंद कर लिया। पुलिस ने सभी कार्यकताओं को दोपहर बाद रिहा कर दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन पुलिस अधिकारियों को सौंपा। त्रिलोक गुर्जर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने डाढ़ा गांव में बनी एक अस्थायी गौशाला को 12 नवंबर को ध्वस्त कर दिया था। इसी कार्रवाई के विरोध में बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने प्राधिकरण कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने की तैयारी की थी। हालांकि, प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने उन्हें घरों में नजरबंद कर



लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण की इस कार्रवाई से गौ सेवा प्रभावित हो रही है। राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षक इकाई की मुख्य मांग है कि ध्वस्त की गई अस्थायी गौशाला के स्थान पर स्थायी गौ उपचार केंद्र के लिए भूमि आवंटित की जाए। इसके अतिरिक्त, जेसीबी, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सुविधाएं बढ़ाई जाएं तथा प्राधिकरण कर्मचारियों द्वारा गौ सेवकों से किए जाने वाले अभद्र व्यवहार को रोका जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की होगी। इस दौरान गौरव नागर, सुभाष नागर, राजबीर, विकास, कुणाल और महेश सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल

## चुनाव आयोग से अंतिम तिथि बढ़ाने, बीएलओ की मनमानी रोकने की मांग

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश और जिले में चल रही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से जनहित में इसकी अंतिम तिथि बढ़ाने और बीएलओ स्तर पर आ रही समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान इन गंभीर अनियमितताओं और मतदाताओं को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि प्रदेशभर में एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। इसके कारण बड़ी संख्या में मतदाता अपनी शिकायतें दर्ज कराने और मतदाता सूची में संशोधन करवाने से वंचित रह रहे हैं।



कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिले के अधिकांश क्षेत्रों में बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) आवेदकों को रिसीविंग फॉर्म नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों के आवेदनों का कोई रिकॉर्ड नहीं बन पा रहा है, जिससे भविष्य में मतदाता सूची सुधार की प्रक्रिया संदिग्ध हो सकती है। जियाउर्रहमान ने सरकार और चुनाव आयोग की मंशा पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि मतदाताओं को मूलभूत दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, तो पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया कैसे संभव होगी? उन्होंने चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता न होने से सीधे तौर पर मताधिकार का हनन होगा। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से एसआईआर की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की, ताकि जिन मतदाताओं के आवेदन अभी लंबित हैं, वे अपना कार्य समय पर पूरा कर सकें। पार्टी ने 2003 की मतदाता सूची को हर क्षेत्र में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने और एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता व समय सीमा का विस्तार सुनिश्चित करने की भी मांग की।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग को एसआईआर प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर सुचारू बनाने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस व्यापक जनांदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

जियाउर्रहमान ने बताया कि वे 27 नवंबर को जिलाधिकारी से मिलकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आ रही शिकायतों और समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे।

# संदिग्ध बुखार से 4 की मौत

## एक महीने में गई जान, लोगों ने की स्वास्थ्य विभाग से जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा, रबूपुरा कस्बे में संदिग्ध बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले लगभग एक महीने में संदिग्ध बुखार की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो चुकी है। भी इसी तरह के बुखार से एक महिला की जान चली गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कस्बे में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच और परीक्षण करने की अपील की है ताकि बीमारी का पता लगाया जा सके और इसे फैलने से रोका जा सके। जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर निवासी कालू की पत्नी कल्पना (41) को करीब चार दिन पहले बुखार आया था। उन्हें पहले बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी, तो डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। सुबह इलाज के दौरान कल्पना की मौत हो गई। उनके पति कालू ने बताया कि कल्पना को चार दिनों से बुखार था और इलाज के दौरान उनका शुगर लेवल बढ़ गया था, जबकि ब्लड प्रेशर कम हो गया था। इस मामले पर जेवर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शफे जेया ने बताया कि महिला की मौत संक्रामक परजीवी रोग के कारण हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई बार लंबे समय तक बुखार रहने से यह रोग बढ़ जाता है

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## 3 गिरफ्तार, जॉब प्लेसमेंट के नाम पर 200 से ज्यादा लोगों से की ठगी

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, फेज-1 थाना पुलिस ने जॉब प्लेसमेंट नाम से लोगों से ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल राघव, आमिर उस्मानी और वरुण हैं। ये तीनों मिलकर कॉल सेंटर के मालिकों को बैंक खाता उपलब्ध कराते थे और बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी करते थे। अब तक इनके द्वारा करीब 200 से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात मोबाइल फोन, चार डेबिट कार्ड, पासबुक, एक फिनो कांबो बैंक किट और चार कंपनी के जॉइनिंग दस्तावेज बरामद किए हैं। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया-विशाल अपने साथियों आमिर उसमानी और




वरूण कुमार के साथ मिलकर बैंक खातों, डेबिट कार्ड, चेक बुक और प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड खरीदता है। विशाल बैंक खातों की जानकारी फर्जी कॉल सेंटर के मालिक अनुज कुमार और रोमेश को देता था। अनुज और रोमेश बेरोजगार लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते और पैसे मांगते थे। इस दौरान विशाल पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड अपने पास रखकर नकद निकालता था। अपना कमीशन काटकर अनुज और रोमेश को देता था। तीनों मिलकर अनुज और रोमेश को बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराते है। वरूण कुमार द्वारा चलाए जाने वाले इस कॉल सेंटर में जॉब प्लेसमेंट के नाम पर बेरोजगारों से पंजीकरण और प्रोसेसिंग शुल्क वसूला जाता है। उन्होंने बताया प्रोसेसिंग फीस से मिली राशि को यह नेटवर्क फर्जी बैंक खातों और सिम कार्ड के जरिए घुमाता था।

# 36 जोड़ों का विवाह संपन्न

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में हुए पारंपरिक रीति-रिवाज

अमन लेखनी समाचार

बागपत, जिला अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित लॉकमेट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 36 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इनमें 30 हिंदू और 6 मुस्लिम समुदाय के जोड़े शामिल थे। सांसद डॉ. राजकुमार सगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और समाज में समानता व सौहार्द को बढ़ावा देना है। योजना के अंतर्गत सरकार ने प्रत्येक जोड़े को आर्थिक सहायता, उपहार सामग्री और गृहस्थी का सामान उपलब्ध कराया। समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार और निकाह की रस्में धार्मिक परंपराओं के अनुसार शांतिपूर्वक संपन्न हुईं। सांसद डॉ. सगवान ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह जैसी योजनाएं समाज पर आर्थिक बोझ को कम करती हैं और सामाजिक एकता को मजबूत करती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है, और यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन और समाज कल्याण विभाग द्वारा सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई थीं। उपस्थित परिजनों और आमजन ने



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से उन्हें आर्थिक सहायता मिली है। समारोह के समापन पर प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संसद सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक की मांग को लेकर गरजे वकील, किया प्रदर्शन

## सरकार वकीलों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर कतई ध्यान नहीं दे रही है

अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज में अधिवक्ता सुरक्षा की मांग को लेकर एकजुटता का प्रदर्शन करते वकीलअधिवक्ताओं की आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल तिवारी

बार एसोसिएसन सभागार में विधेयक के समर्थन में शामिल अधिवक्ता गुरूवार को यहां बुलन्द दिखी विधेयक के समर्थन में निकली प्रदेशव्यापी अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा लखनऊ से गौरीगंज तथा अमेठी पहुंचने पर अधिवक्ताओं को जोश में देखा गया। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने संसद के आगामी सत्र में विधेयक पास कराए जाने की मांग को लेकर यहां वकीलों ने एकजुटता का ऐलान किया आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश की संयुक्त अगुवाई में अधिवक्ताओं ने मौलिक अधिकारों के तहत समानता के अधिकार व सुरक्षा विधेयक को लेकर संघर्ष का बिगुल बजाया।अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर परिसर में वकीलों ने नारेबाजी भी की। वहीं परिसर में विधेयक के मसौदे को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया। गौरीगंज स्थित जिला बार एसोसिएसन के सभागार में अधिवक्ताओं की आमसभा को




संबोधित करते हुए एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संविधान में समानता का अधिकार अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करता है। उन्होने कहा कि सरकारें वकीलों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर कतई ध्यान नही दे रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश ने कहा कि यदि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर विधेयक पेश नही किया जाता तब वकील संसद भवन के सामने घेराव व प्रदर्शन करेंगे। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम के जरिये देश में अन्याय के खिलाफ न्याय के संघर्ष को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएसन के अध्यक्ष महेशचंद्र शुक्ल व संचालन पूर्व अध्यक्ष केवल प्रसाद शुक्ल ने किया। संयोजन पूर्व अध्यक्ष राजकरन तिवारी व महामंत्री शशिलेश शुक्ल ने किया। इस मौके पर रमाशंकर त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ,प्रमोद तिवारी, शिवशंकर शुक्ल, उमाशंकर पाण्डेय, दिनेश सिंह, उमाशंकर मिश्र, श्रीराम सरोज, राकेश शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र बने विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष

**समाज में समरसता, ज्ञान और सद्भाव का वातावरण बने : पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र**



अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज सुधार, आध्यात्मिक जागरण और राष्ट्रीय एकता के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस मौके पर परिषद के संरक्षक कैलाशानंद गिरी जी महाराज की अध्यक्षता में प्रमुख पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। उन्होंने कलराज मिश्रा को परिषद का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, सतीश शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष, और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पदों के लिए भी घोषणा की गई, ताकि परिषद के मिशन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। इस अवसर पर परिषद के संस्थापक अध्यक्ष और पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि परिषद केवल संगठन नहीं, एक यज्ञ है। विश्व ब्राह्मण कल्याण परिषद केवल एक पारंपरिक संगठन नहीं, बल्कि यह सेवा, समर्पण और सद्भाव का पवित्र यज्ञ है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ब्राह्मण समाज के माध्यम से भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और राष्ट्रहित के उत्थान की दिशा में कार्य करना है। मिश्र ने कहा कि परिषद का संकल्प है कि समाज में समरसता, ज्ञान और सद्भाव का वातावरण बने, जिससे भारत अपने प्राचीन गौरव के अनुरूप विश्व-आदर्श राष्ट्र के रूप में पुनः स्थापित हो सके।

## खास समाचार

### हरदोई में ई-रिक्शा में लूट: पुलिस ने दो आरोपी किए गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पिहानी चुंगी से अपनी ससुराल ग्राम अरुआ ( थाना हरियावां ) जा रहे सुजीत कुमार सिंह ( पुत्र स्व० संजय सिंह, निवासी जगदीशपुर, थाना लोनार ) के साथ लूट की घटना हुई। सुजीत ने एक ई-रिक्शा बुक किया था, जिसके चालक और उसके एक साथी ने मिलकर ग्राम बरगावां के पास उनसे मोबाइल फोन और ?3400/- नकद छीन लिए।पीड़ित सुजीत कुमार सिंह की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए, कोतवाली देहात पुलिस ने लूट के आरोपी बड़े भैय्या ( पुत्र कामता प्रसाद ) और मुकेश ( पुत्र राजाराम ), निवासीगण ग्राम नन्हे, थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और पूरे ?3400/- नकद बरामद किए हैं।

### हरदोई धान खरीद में भ्रष्टाचार: स्वदेशी जागरण मंच ने फिर सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। धान खरीद वर्ष 2025 में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर स्वदेशी जागरण मंच और अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद भारत ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। इससे पहले 18 नवंबर को भी ज्ञापन दिया गया था, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। संगठनों ने आरोप लगाया कि ए. आर. सहकारिता ने जिला प्रबंधकों से सांठगांठ कर खरीद केंद्र दलालों को बेच दिए हैं। साथ ही, मंडी समिति के कर्मचारी ( धर्मेंद्र यादव, मनोज शर्मा, विनय ) किसानों से 200 प्रति क्विंटल अतिरिक्त मांगते हैं, जिससे किसान 1400 से 1600 प्रति क्विंटल पर धान बेचने को मजबूर हैं। गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश ने भी इस बात की पुष्टि की है कि केवल व्यापारियों का धान खरीदा जाता है, किसानों का नहीं।ज्ञापन में भ्रष्ट कर्मियों को हटाए जाने, उनकी संपत्ति की जांच कराने, और वंचित किसानों का धान बिना बिचौलिए के खरीदने की मांग की गई है। चेतावनी दी गई है कि यदि मांगों पर अमल नहीं हुआ, तो 3 दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

### युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी से आहत किशोरी के जान देने का मामला**

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की मौत के लिए जिम्मेदार युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर है। आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी से आहत युयती ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। हरपालपुर कोतवाली के एक गॉव निवासी युवती ने 14 नवंबर को अपने घर में छत के कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी थी। युवती के पिता ने आरोप लगाया था कि अरवल थाना क्षेत्र के सुदनीपुर गांव निवासी सुमित पाठक ने प्रेम प्रसंग के चलते बुलाने से मना करने पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी दी थी। जिसके चलते उसकी पुत्री ने उसी दिन शाम को घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने मृतका का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया था।पुलिस ने तीन दिन बाद काफी जद्दोजेहाद के बाद आरोपी पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की थी।प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### एसआईआर कार्य में बीएलओ का सहयोग न करने वाले 46 सफाई कर्मचारियों का वेतन काटा

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई) । शाहाबाद ब्लाक क्षेत्र के एसआईआर कार्य में बीएलओ का सहयोग न करने व अनुपस्थित रहने पर खंड विकास अधिकारी ने 46 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की है जिससे सफाई कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। चुनाव आयोग के महत्वपूर्ण कार्य एस आई आर में शाहाबाद ब्लॉक के सफाई कर्मचारियों को निर्वाचकों एवं बीएलओ को कार्य संपादित करने में सहयोग करने के लिए ड्यूटी लगाई गई थी लेकिन 25 नवंबर को निरीक्षण के दौरान 46 सफाई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। उन्होंने निर्वाचकों एवं बीएलओ को कार्य में कोई सहयोग प्रदान नहीं किया। इसलिए खंड विकास अधिकारी ने सभी 46 सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की। जिससे सफाई कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति है।

### जन समस्याओं को लेकर भा.कि.यू. ने सात सूत्रीय सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई)। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष श्रीधर त्रिपाठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने प्रदर्शन कर सात सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार शाहाबाद को ज्ञापन सौपा। बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। तत्पश्चात तहसीलदार संध्या यादव को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निराकरण की मांग की। ज्ञापन में किसान मजदूर की समस्याओं को हल करने, किसानों की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य ठीक दोगुना करने, लोकसभा में पक्का कानून बनाने, बिजली को प्राइवेट सेक्टर में न दिये जाने, स्मार्ट मीटर के भुगतानों को स्मार्ट मीटर द्वारा बिजली बिल अधि एक निकाले जाने, सही मीटर लगाने, किसानों पर लगाई गई जीएसटी समाप्त करने, उत्तर प्रदेश ग्रामीण आचल में 20-25 सालों से टूटी सड़कों का अभियान चलाकर डामर सड़कों को मजबूत बनाने, कॉन्टैक्ट फॉर फार्मिंग कानून के खिलाफ 13 महीने के बाद दिल्ली करने में किसान नेताओं के लगाए मुकदमा वापस लेने, दिल्ली धरने में मारे गए

# नौ सवारियां को लेकर पेड़ से टकराया टैम्पो, आठ घायल



**● ताला के पास अनियंत्रित हुआ वाहन दुर्घटनाग्रस्त**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के ताला के पास गुरुवार शाम एक अनियंत्रित टैम्पो सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में आठ यात्री घायल हो गए। घायलों में एक वृद्ध और एक बच्चा भी शामिल हैं।टैम्पो गौरीगंज से अमेठी की ओर जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि टैम्पो में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घायलों में से दो को सीएचसी अमेठी में भर्ती कराया गया, जबकि शेष का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।टैम्पो में सवार एक महिला यात्री ऊषा ने बताया कि वाहन में कुल नौ लोग बैठे थे और सभी को चोटें आई हैं।ऊषा अपने पति महेश को लेकर निजी वाहन से सीएचसी अमेठी पहुंचीं, जहां उनका उपचार किया गया। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने टैम्पो चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# बैंक कर्मियों का जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

पुराने श्रम कानून बदलकर नए श्रम कानून लागू कर देने के विरोध में केंद्रीय श्रम संगठनों के आह्वाहन पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों की कड़ी में हरदोई जिला मुख्यालय पर बैंककर्मियों ने एआईबीईए के झंडे तले बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा पर प्रदर्शन किया। बैंककर्मियों ने पूरे दिन काल फीता बांधकर कार्य किया। आल इंडिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन के राज्य संगठन यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन की स्थानीय इकाई द्वारा किये गए इस विरोध प्रदर्शन में विभिन्न बैंको के कर्मचारी दोपहर भोजनावकाश में एकत्रित हुए। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारे बाजी की और नए लेबर कोड को काले श्रम कानून बताते हुए सरकार से इन्हें वापस लेने की माँग की। वरिष्ठ बैंक कर्मी नेता और यूनियन के जिला मंत्री राकेश पाण्डेय ने प्रदर्शनकारी बैंक कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रम कानूनों में बदलाव स्वतंत्र भारत मे मजदूर अधिकारों पर सबसे संगठित और खतरनाक हमला है। उपाध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला ने कहा कि सरकार द्वारा लागू किये गए चार काले श्रम कानून का उद्देश्य हड़ताल के अधिकार को कमजोर करना, सामूहिक सौदेबाजी की क्षमता पर आघात, पूँजी और नियोक्ताओं के हाथ मजबूत करना व सामाजिक सुरक्षा और श्रमिक कल्याण को सीमित करना है। उपाध्यक्ष अजय मेहरोत्रा ने कहा कि सरकार को कृषि कानूनों की तरह नए लेबर कोड को भी वापस लेना पड़ेगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राकेश पाण्डेय, अजय मेहरोत्रा, कौशलेंद्र शुक्ल,अनिल कुमार, विपिन गुप्ता, राघवेंद्र श्रीवास्तव, संतोष कुमार, आशुतोष बडोला, अनुज, मुन्ना, सोनू, राहुल, अमित कुमार मौजूद रहे।

# एसआईआर के 50% फॉर्म संकलित

## 24 घंटे फीडिंग जारी, डीएम कर रहे हैं निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत फॉर्म फीडिंग और संकलन का कार्य दिन-रात जारी है। जिले में अब तक 14.36 लाख मतदाताओं के सापेक्ष 50 प्रतिशत से अधिक फॉर्मों का संकलन पूरा हो चुका है जिलाधिकारी (डीएम) संजय चौहान स्वयं विभिन्न तहसीलों का दौरा कर फॉर्म फीडिंग के कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं इस अभियान में बीएलओ के साथ-साथ कई विभागों के कर्मचारी ऑनलाइन फॉर्म फीडिंग में सहयोग कर रहे हैं। जिले में अब तक 37 प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है प्रशासन ने इस पूरे कार्य की निगरानी तेज कर दी है नए मतदाताओं के दस्तावेजों के सत्यापन के लिए 4 दिसंबर के बाद एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। आवेदकों को आवेदन करते समय उल्लिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे और उनकी एक फोटोकॉपी बीएलओ को उपलब्ध करानी होगी डीएम संजय चौहान ने बताया कि एसआईआर का कार्य तेजी से कराया जा रहा है और इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का मिलान, सत्यापन और मैपिंग का कार्य एक साथ किया जा रहा है। ऑनलाइन फीडिंग में अब तक 1.09 प्रतिशत ऐसे मतदाता पाए गए हैं जो मृतक, स्थानांतरित, दोहरे नाम वाले या अपने दर्ज पते पर नहीं रहते हैं।

# अंडे के पैसे मांगने पर दुकानदार से मारपीट

## पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा



अमन लेखनी समाचार

अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में अंडे के पैसे मांगने पर एक दुकानदार से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त एक लोहे की रॉड, एक बांस की लाठी और एक डंडा भी बरामद किया गया है।जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गंगानगर चौराहे पर पूरे नया मजरे फुल निवासी मनीराम अपनी दुकान चलाते हैं। बीते दिनों कुछ स्थानीय लोगों ने उनकी दुकान से अंडे खरीदे। जब मनीराम ने उनसे पैसे मांगे, तो उन्होंने मनीराम के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल दुकानदार मनीराम की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल अभियोग दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक अर्पण रजत कौशिक के निर्देश पर, शिवरतनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जुबेर खान पुत्र गुलाम रसूल सोनी, अनवर अली पुत्र जुबेर खान (उम्र करीब 25 वर्ष) और मौनी उर्फ सरवर अली पुत्र जुबेर खान को गंगानगर मजरे दादूपुर से गिरफ्तार किया।थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की निशानदेही पर मारपीट में इस्तेमाल की गई एक लोहे की रॉड, एक बांस की लाठी और एक बिहाया का डंडा बरामद किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# महाराजा सल्हीय देव स्मृति दिवस पर उमड़ा जनसैलाब



अमन लेखनी समाचार

हरदोई। गुरुवार को नगर के संस्थापक महाराजा सल्हीय देव के स्मृति दिवस पर भव्य आयोजन हुआ। आसपास और रहीमाबाद क्षेत्र से ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग शोभायात्रा के रूप में संडीला पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर उन्होंने महाराजा सल्हीय सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज के कुल गौरव माने जाने वाले क्षत्रिय महाराजा सल्हीय सिंह के स्मृति दिवस पर रहीमाबाद के जालामऊ, सहिंजना, तरौना, तिलन, अन्नीपुर, रुसेना समेत अनेक गांवों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। गाजे-बाजे और जयकारों के बीच समाज का विशाल जनसमूह प्रतिमा स्थल पर एकत्र हुआ और श्रद्धा पूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में रहीमाबाद क्षेत्र से अशोक सिंह अर्कवंशी, प्रमोद अर्कवंशी, विकास सिंह अर्कवंशी, मनोज सिंह अर्कवंशी, भूपेंद्र अर्कवंशी, राम सिंह अर्कवंशी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। आयोजन के दौरान समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

# यमराज ने पढ़ाया यातायात का पाठ

## लोगों को सीट बेल्ट, हेलमेट लगाने के लिए किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक अनोखा अभियान चलाया गया। इस दौरान 'यमराज' सड़क पर उतर आए और वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। यह पहल प्रदेशव्यापी यातायात माह के तहत की गई।गौरीगंज कस्बे के सब्जी मंडी तिराहे पर यमराज के वेश में एक व्यक्ति ने बिना सीट बेल्ट और बिना हेलमेट के वाहन चला रहे लोगों को रोका। उन्होंने ऐसे चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी। वहीं, नियमों का पालन करने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित भी किया गया। पूरे प्रदेश में 1 नवंबर से यातायात माह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिले में बड़ी संख्या में यातायात नियमों



का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यमराज ने बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चला रहे लोगों से कहा, 'आप खाना खाना नहीं भूलते और रोजमर्रा के कामों को भी नहीं भूलते, लेकिन जब वाहन चलाते हैं तो सीट बेल्ट लगाना भूल जाते हैं। यह किसी दिन आपके लिए जान का खतरा बन सकता है।' उन्होंने सभी से वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और बाइक चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की।

# महाराणा प्रताप सेना ने मंदिर के पुजारियों को वेतन तथा मंदिरों में निशुल्क विद्युत व्यवस्था की मांग की

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली। महाराणा प्रताप सेना ने दिल्ली के मंदिरों में पुजारी को वेतन देने एवं मंदिरों में निःशुल्क बिजली व्यवस्था की मांग की। महाराणा प्रताप सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार ने दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा से मुलाकात कर दिल्ली के मंदिरों में सेवा दे रहे पुजारियों के लिए नियमित वेतन एवं मंदिरों को निःशुल्क/सब्सिडी बिजली की मांग रखी। महाराणा प्रताप सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजवर्धन परमार ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार शीघ्र जनहित में सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण, सभी की जिम्मेदारी है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**


समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# स्पर्श-ऊर्जा का अनोखा एहसास कराए वूल योगा

योगा करने से तन-मन को लाभ तो होता ही है। लेकिन इन सर्दियों में अगर उसे करते समय वूलेन ड्रेस पहनी जाए तो आपको स्पर्श संवेदना के साथ ऊर्जा का अनोखा एहसास भी होगा। वूल योगा युवाओं को क्यों भा रहा है और इससे किस तरह के फायदे हैं, जानिए।



**योगा ट्रेंड**

दिव्यज्योति 'नंदन'

नवंबर-दिसंबर की ठंडी सुबहें जब कांच-सी पारदर्शी धुंध में लिपटी होती हैं, तब योगाभ्यास करने से अधिकतर लोग कतराने लगते हैं। लेकिन इन दिनों कुछ ऐसे युवा भी हैं, जो गर्म अहसास बनाए रखने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं, उन्हीं में से एक है- 'वूल योगा' यानी ऊनी वस्त्रों के साथ योगाभ्यास की वह शैली, जो तन और मन दोनों को स्पर्श के रोमांच से जोड़ती है।

**योग में स्पर्श का एहसास:** आमतौर पर हम योगाभ्यास को श्वास, आसन तथा ध्यान से जोड़ते हैं। मगर योग का एक बहुत गहरा रिश्ता स्पर्शबोध से भी है। वूल योगा दरअसल, इसी भूले हुए आयाम को फिर से जीवित करता है। जब शरीर ऊनी वस्त्रों से लिपटा होता है, ऊनी शॉल, ऊनी मैट या ऊनी स्वेटर तब त्वचा केवल गर्म अनुभव नहीं करती, बल्कि एक अनुभव से भी गुजरती है। यह स्पर्श का अनुभव है, जो शरीर को गर्माइश से भर देता है। योगिक दृष्टि से देखा जाए, तो स्पर्श इंद्रिय यानी त्वचा, शरीर की ऊर्जा धाराओं से सीधे जुड़ी होती है। जब हम प्राकृतिक ऊन के रेशों से बने वस्त्र पहनकर ध्यान लगाते या योगाभ्यास करते हैं, तो वह न सिर्फ हमें ऊर्जा या गर्माइश देता है बल्कि प्राणिक ऊर्जा को भी स्थिर करता है।



**शरीर-प्रकृति के बीच पुल:** ऊन को हम सामान्यतः सिर्फ गर्म कपड़े के रूप में जानते हैं, लेकिन योगिक दृष्टिकोण से यह कपड़ा 'जीवित वस्त्र' है। हर रेशा एक सूक्ष्म ऊर्जा वाहक की तरह काम करता है। न बहुत ठंडा, न बहुत गर्म। दरअसल, ऊन शरीर और प्रकृति के बीच ऊर्जा का एक पुल बनाती है। यही वजह है कि आजकल कई योग प्रशिक्षक, युवाओं को सलाह देते हैं कि वे सर्दियों में ध्यान या प्राणायाम करते समय सिंथेटिक की जगह ऊन या खादी के वस्त्र पहनें। क्योंकि इन कपड़ों से हमारे शरीर की त्वचा सांस लेती है और ऊर्जा संतुलित रहती है। इससे ध्यान की अवधि स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

**संवेदना को जगाए:** आज के युवा फैशन को केवल दिखावे के रूप में नहीं लेते बल्कि व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के रूप में भी देखते हैं। वूल योगा इसी मानसिकता का नया विस्तार है। जहां ऊनी शॉल, जूट मैट, हस्त निर्मित जैकेट और मिट्टी के रंग वाले कपड़े सिर्फ पहनावा नहीं बल्कि आपकी संवेदना की बयानगी करते हैं। दरअसल, वूल योगा इसी सौंदर्यशास्त्र का विस्तार है, जहां फैशन ध्यान में घुल-मिल जाता है और ध्यान खुद फैशन बन जाता है।

**मिलती है भीतरी गर्मी:** वूल योगा का सबसे अनोखा पहलू यह है कि यह युवाओं को स्पर्श के रोमांच से जोड़ता है, जो रोमांच किसी शारीरिक उत्तेजना का नहीं बल्कि जीवंतता के एहसास का होता है। जब किसी ठंडी सुबह में आप ऊनी आसन पर बैठकर ध्यान लगाते हैं तो कपड़े का हर रेशा त्वचा को एहसास दिलाता है कि शरीर अभी सचेत और ऊर्जावान है। इस अनुभव में एक गहरी मनोवैज्ञानिक वास्तविकता होती है, क्योंकि आधुनिक डिजिटल युग में हम शरीर से भी दूर होते जा रहे हैं और स्क्रीन ने हमारी स्पर्श संवेदना को कुंद कर दिया है। वूल योगा इसी कुंद हो चुकी स्पर्श संवेदना या टच सेंसेशन से हमें पुनः जोड़ता है। यह एक ऐसी अनुभूति है, जो हमें संवेदनशील होने का एहसास कराती है।

**मिलता है नया अनुभव:** वूल योगा, इस बात का प्रमाण है कि योग कोई जड़ या स्थिर गतिविधि नहीं है। इसे हम नई से नई जीवंत गतिविधियों से जोड़ सकते हैं। सर्दी के मौसम में युवाओं के लिए यह सिर्फ एक फिटनेस रूटीन नहीं है बल्कि शरीर और कपड़ों के बीच के संवेदनशील संवाद का अनुभव है। इसलिए हर वह युवा जो ऊनी शॉल ओढ़कर ध्यान लगता है, वास्तव में वह अंजाने में यही कर रहा होता है, जो अपने शरीर को महसूस करता है, वो योग के सबसे शुद्ध संस्करण तक पहुंचते हैं और यह वही जगह है, जहां साधक अपने शरीर, कपड़े और स्पर्श तीनों को योग की अनुभूति में बदल देता है। *




स्पेशल
वर्ल्ड एड्स-डे
1 दिसंबर

**डॉक्टर्स एडवाइस**

एचआईवी संक्रमण और एड्स को लेकर अभी भी कई तरह के भ्रम समाज में मौजूद हैं। जबकि मेडिकल साइंस कहता है कि सावधानी बरतकर और जागरूकता से न केवल इससे बचा जा सकता है, बल्कि नियंत्रित भी किया जा सकता है। यहां एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं कि एड्स कैसे हो सकता है, इसके लक्षण क्या हैं, इससे कैसे बचाव हो सकता है इसका उपचार कैसे किया जा सकता है?

# जागरूकता-सावधानी से संभव है एड्स की रोकथाम





हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। यह सिर्फ एक वार्षिक अभियान नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को एचआईवी/एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने, इसके खिलाफ लड़ाई को तेज करने और संक्रमित लोगों के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार की पहल का दिन है। इसका मकसद लोगों को एचआईवी संक्रमण, उसके लक्षण, रोकथाम, उपचार और मिथकों के बारे में सही जानकारी देना है, ताकि समाज में फैले डर, भेदभाव और गलत धारणाओं को खत्म किया जा सके।

## एड्स-एचआईवी में अंतर

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय** बताते हैं, 'एड्स और एचआईवी को अकसर एक ही बीमारी माना जाता है, लेकिन सच यह है कि दोनों बिल्कुल अलग अवस्थाएं हैं। एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यून सिस्टम पर हमला करता है, जबकि एड्स इस संक्रमण का सबसे अंतिम और गंभीर चरण होता है, जब शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो जाती है और सामान्य संक्रमण भी जानलेवा बन सकते हैं। अच्छी बात यह है कि अगर समय पर एचआईवी की पहचान हो जाए और मरीज तुरंत एआरटी थेरेपी शुरू कर दे, तो वह लंबे समय तक बिल्कुल सामान्य जीवन जी सकता है और एड्स तक पहुंचने से भी बच सकता है। आधुनिक दवाइयां वायरस को पूरी तरह खत्म तो नहीं करतीं, लेकिन उसकी मात्रा इतनी कम कर देती हैं कि वह शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता और दूसरे लोगों तक भी लगभग नहीं फैलता।'



## भारत में एचआईवी की स्थिति

अपने देश में एचआईवी की कंडीशन के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन एंड इंफेक्शन डिजीज, **डॉ. अरविंद अग्रवाल** बताते हैं, 'भारत में एचआईवी की स्थिति के बारे में बात करें तो यह अभी भी एक अहम स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के मुताबिक भारत में लगभग 23 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं और हर साल कई नए मामले सामने आते हैं। हालांकि पिछले वर्षों की तुलना में संक्रमण कम हुआ है। सरकार और कई संस्थाओं के प्रयासों से लोगों में जागरूकता बढ़ी है और एआरटी दवाएं भी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, जिससे मरीजों को काफी मदद मिलती है। इसके बावजूद गांवों और छोटे शहरों में जानकारी की कमी, समाज का डर बना हुआ है, इसे दूर किए जाने की जरूरत है।'

## एचआईवी कैसे फैलता है

एचआईवी संक्रमण कैसे फैलता है, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर के कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** क्लीयर करते हैं, 'एचआईवी कैसे फैलता है, इसे लेकर लोगों में आज भी कई गलतफहमियां हैं, इसलिए सही जानकारी बेहद जरूरी है। एचआईवी संक्रमण सिर्फ चार वैज्ञानिक रूप से सिद्ध तरीकों से ही फैलता है, असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, संक्रमित सुई या ब्लेड का उपयोग, संक्रमित खून चढ़ाने से और मां से बच्चे में गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान। इन चार तरीकों के अलावा किसी भी सामान्य गतिविधि से एचआईवी नहीं फैलता। साथ बैठने, साथ खाने, हाथ मिलाने, कपड़े या टूथब्रश जैसे सामान साझा करने, या मच्छर के काटने से यह संक्रमण नहीं होता। फिर भी इन मिथकों के कारण लोग एचआईवी मरीजों से दूरी बनाते हैं, जिससे उन्हें सामाजिक भेदभाव और मानसिक तनाव झेलना पड़ता है। सही जानकारी ही इस कलंक को खत्म कर सकती है।'

## एचआईवी के शुरुआती लक्षण

एचआईवी संक्रमण की शुरुआत में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे लोग इसे सामान्य थकान या मौसम बदलने की बीमारी समझ लेते हैं। कुछ मामलों में शुरुआती हफ्तों में फ्लू जैसे लक्षण दिख सकते हैं-जैसे हल्का बुखार, लगातार थकान, गले में खराश, शरीर पर हल्के दाने या बिना कारण वजन कम होना। चूंकि ये लक्षण आम बीमारियों जैसे लगते हैं, लोग अकसर एचआईवी टेस्ट कराने से बचते हैं और संक्रमण बढ़ता जाता है। इसी वजह से डॉक्टर सलाह देते हैं कि जोखिम की स्थिति में समय पर एचआईवी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए, ताकि बीमारी को शुरुआत में ही नियंत्रित किया जा सके।




## सावधानी से संभव है रोकथाम

विश्व एड्स दिवस का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। एचआईवी से बचने के लिए कुछ सरल लेकिन बेहद प्रभावी उपाय अपनाने चाहिए, जैसे हमेशा सुरक्षित यौन संबंध बनाना, एक ही साथी के साथ संबंध रखना, किसी भी सुई या ब्लेड का दोबारा उपयोग न करना, केवल जांच किए हुए और प्रमाणित खून ही चढ़वाना और गर्भवती महिलाओं का समय पर एचआईवी टेस्ट कराना। इसके साथ ही जागरूक रहना और दूसरों को भी सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। ये कदम न केवल व्यक्ति को सुरक्षित रखते हैं बल्कि समाज में संक्रमण की रफ्तार भी काफी हद तक कम कर देते हैं।

## सही नहीं भेदभाव करना

हालांकि इलाज और जागरूकता बढ़ी है, फिर भी एचआईवी संक्रमित लोगों को समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्हें नौकरी देने में हिचकिचाहट, घर या स्कूल में दूरी, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक तिरस्कार जैसी चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं, जो बीमारी से ज्यादा मानसिक रूप से प्रभावित करती हैं। विश्व एड्स दिवस इसी भेदभाव को खत्म करने की अपील करता है। समाज का सम्मान और सहयोग संक्रमित व्यक्ति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्कूलों में यौन शिक्षा देना, युवाओं में जागरूकता फैलाना और संक्रमित लोगों का सम्मानपूर्वक सहयोग करना- ये सभी कदम संक्रमण को कम करने में भूमिका निभाते हैं। यदि समाज एकजुट होकर काम करे तो एचआईवी को रोकना संभव है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

### एआरटी थेरेपी है काफी कारगर

एक समय एचआईवी को जानलेवा बीमारी माना जाता था, लेकिन आधुनिक चिकित्सा ने इसकी तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। आज उपलब्ध एआरटी मरीज को लंबा, सामान्य और स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाती है। इससे शरीर में वायरस की मात्रा काफी कम हो जाती है, जिससे संक्रमण दूसरों तक फैलना लगभग रुक जाता है और मरीज की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। भारत सरकार भी कई केंद्रों पर एआरटी की दवाएं मुफ्त उपलब्ध कराती हैं, जिससे लाखों लोग नियमित इलाज ले पा रहे हैं और अच्छा जीवन जी रहे हैं।



**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

# सर्दियों में गर्माहट का एहसास कराए लेमन ग्रास

सर्दियों के लिए लेमन ग्रास, बहुत खास हर्ब मानी जाती है। इसलिए इसे सर्दियों की 'वार्मिंग हर्ब' कहा जाता है। क्योंकि यह केवल स्वाद या सुगंध का स्रोत नहीं है बल्कि यह प्राकृतिक रूप से गर्माहट देने वाली जड़ी-बूटी है, इसलिए ठंड के प्रारंभिक दिनों में लेमन ग्रास के सेवन से कई फायदे होते हैं।

**बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता:** लेमन ग्रास में कुदरती रूप से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का गुण होता है, इसलिए सर्दियों की शुरुआत में जब शरीर खांसी, जुकाम और बुखार के संक्रमण से पीड़ित होता है, तब इसका इस्तेमाल लाभकारी होता है। लेमन ग्रास में सिंटल और जेरोनियोल जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, इसलिए ये बैक्टीरिया, वायरस और फंगस से लड़ने की जबरदस्त क्षमता रखते हैं। जब हम सर्दियों में लेमन ग्रास का चाय के रूप में या एरोमा थेरेपी के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो इससे बहुत फायदे मिलते हैं। इससे शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है और मूड शांत होता है। शुरुआती सर्दियों में लेमन ग्रास का बेहतर उपयोग करने के लिए एक कप पानी में एक इंच लेमन ग्रास का टुकड़ा या फिर इसके सूखे पत्ते डालकर पांच-सात मिनट तक उबालना चाहिए। अगर इस पानी में अदरक, तुलसी और शहद भी मिला दिया जाए, तो फायदे कई गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।



**कई रोगों से बचाए:** लेमन ग्रास की चाय पीने से सर्दी, जुकाम और गले की खराश में राहत मिलती है। पेट की गैस, अपच और भारीपन से भी राहत मिलती है। लेमन ग्रास की भाप या इसकी चाय का नियमित इस्तेमाल करने से हमारे रेस्पिरेटरी सिस्टम को मजबूती मिलती है। क्योंकि इस मौसम में यह श्वसन तंत्र को खोलती है और हमारे गले की खराश को कम करती है। लेमन ग्रास में एक रासायनिक उत्प्रेरक शक्ति होती है, जिसके चलते यह बलगम को पतला करके उसे शरीर से निकालने में विशेष रूप से मदद करती है। इसलिए कुछ लोग सर्दियों में लेमन ग्रास को कफ फ्रेंडली हर्ब के रूप में भी जानते हैं, क्योंकि लेमन ग्रास का मूल स्वभाव उष्ण यानी गर्म होता है। मतलब यह हमारे रक्त संचार को बढ़ाती है, जो कि ठंड के मौसम में धीमा हो जाता है। लेमन ग्रास की चाय पीने से हमारे शरीर की सुस्ती और ठिठुरन कम होती है। क्योंकि जब हम लेमन ग्रास की चाय पीते हैं तो शरीर में इसके प्रभाव से एनर्जी पैदा होती है और मेटाबॉलिज्म की गति बढ़ जाती है। लेमन ग्रास के कुछ टुकड़ों को दालचीनी और तुलसी के साथ सूप बनाकर पीया जाए, तो बड़ा फायदा मिलता है क्योंकि यह प्राकृतिक डिटॉक्स की तरह काम करता है।

**लेमन ग्रास बाथ:** इस मौसम में गुनगुने पानी में लेमन ग्रास की पत्तियां या तेल डालकर 15 से 20 मिनट तक पैरों को उस गुनगुने पानी में डुबोकर रखें और फिर गुनगुने पानी से स्नान कर लिया जाए, तो थकान की समस्या पूरी तरह से दूर हो जाती है। *

**फिटनेस फंडा**

नितिन बाबू

# फिटनेस के लिए डेली करना होता है एफर्ट



सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में चिराग का किरदार नितिन बाबू निभा रहे हैं। वह अच्छी लाइफ के लिए फिजिकल और मेंटल फिटनेस को बहुत महत्व देते हैं। इसके लिए वे क्या कुछ करते हैं, अपना फिटनेस रूटीन नितिन शेयर कर रहे हैं, अपनी जुबानी।

चिराग की भूमिका निभाना मेरे लिए रोमांचक और भावनात्मक दोनों है। उसका किरदार बहुत गहराई लिए हुए है। ऐसे किरदार को निभाने के लिए मेंटली फिट होना बहुत हेल्पफुल होता है। वैसे भी मैं हमेशा से अपनी फिजिकल और मेंटल हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहा हूं और इसके लिए डेली एफर्ट करता रहता हूं।

**डाइट प्लानः** मेरा डाइट प्लान ज्यादातर सिंपल और संतुलित रहता है। सुबह हल्का और हेल्दी नाश्ता करता हूं। इसमें ओट्स, अंडे या फिर फल लेता हूं। दोपहर में घर का बना खाना पसंद है, जिसमें दाल, सब्जी, सलाद और ब्राउन राइस या रोटी होती है। रात का खाना मैं हल्का रखता हूं। दिन भर खूब पानी पीने की कोशिश करता हूं और जंक फूड से जितना हो सके दूर रहता हूं।

**वर्कआउट रूटीनः** मेरा वर्कआउट रूटीन, शूट शेड्यूल पर निर्भर करता है। लेकिन मैं सप्ताह में कम से कम तीन दिन जरूर एक्सरसाइज करता हूं। इसमें कार्डियो, वेट ट्रेनिंग और किसी दिन योग या फंक्शनल ट्रेनिंग शामिल होती है। शूट पर भी अगर समय मिलता है तो थोड़ी देर वॉक कर लेता हूं। वर्कआउट मिस नहीं करता हूं।

**मैनेज करता हूं टाइमः** सच कहूं तो वर्कआउट के लिए समय निकालना मुश्किल होता है, लेकिन यह फिट रहने के लिए बहुत जरूरी भी है। इसलिए मैं अपने दिन की प्लानिंग पहले से कर लेता हूं। अगर सुबह शूट हो, तो वर्कआउट शाम को कर लेता हूं। अगर दोपहर या शाम का शूट है तो सुबह वर्कआउट कर लेता हूं। और कभी-कभी सेट पर ही थोड़ा समय निकालकर कोई छोटी-मोटी फिजिकल एक्टिविटी कर लेता हूं।

**ऐसे रहता हूं मेंटली फिटः** मेरे लिए शारीरिक के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मैं रोज कुछ मिनट मेडिटेशन या डीप ब्रीदिंग करता हूं। किताबें पढ़ना मेरी हैबिट में शामिल है। परिवार और दोस्तों से बातचीत करना मुझे संतुलित रखता है। इसके आनावा मैं मानता हूं अपने मन की सुनना और खुद को ज्यादा भार या तनाव न देना बहुत मायने रखता है।

**फिटनेस आइडलः** मुझे हमेशा से ऋतिक रोशन और मिलिंद सोमन ने प्रेरित किया है। दोनों सिर्फ शारीरिक तौर पर ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी बेहद मजबूत हैं। उनकी लाइफस्टाइल और अनुशासन मुझे यह सिखाते हैं कि फिटनेस एक लंबी यात्रा है। यह निरंतर चलती है, इसमें कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

**रीडर्स को मैसेजः** मेरा सबसे बड़ा फिटनेस मंत्र है- कंसिस्टेंसी इज द की। यानी फिटनेस के लिए आप चाहे कितना भी छोटा कदम उठाएं, लेकिन उसे रोज जारी रखें। फिटनेस सिर्फ जिम जाने से नहीं आती, बल्कि एक हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से आती है। इसमें हेल्दी डाइट, अच्छी नींद और सकारात्मक सोच शामिल होती है। इसे लगातार फॉलो करना होता है, डेली एफर्ट करना होता है। *

प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स

**अवेयरनेस**

अपराजिता

किसी की डेथ के बाद अगर उसके कुछ अंगों का दान कर दिया जाए तो दूसरे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। लेकिन अवेयरनेस के अभाव में ऐसा नहीं हो पाता है। 27 नवंबर, राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर, इस बारे में जानिए।

# अंग दान से मिल सकता है कई लोगों को जीवनदान

आज का दौर, चिकित्सकीय दृष्टि से क्रांति का दौर कहा जा सकता है। पिछले एक दशक में बायो क्षेत्र में जितनी तकनीकी प्रगति हुई है, उतनी शायद ही किसी दूसरे दौर में हुई हो। बावजूद इसके जीवन रक्षा के लिए आज भी तकनीक से ज्यादा जरूरी अंग दान ही है, क्योंकि अंग प्रत्यारोपण की तकनीक तो बहुत तेजी से विकसित हुई है, लेकिन अभी भी कृत्रिम अंगों की वह विश्वसनीयता नहीं हासिल हो सकी, जो आज भी मानवीय अंगों को है। सवाल है, इस बीच में लोगों का जीवन बचाने और बेहतर बनाने का उपाय क्या हो सकता है? तो इस सवाल का सबसे आसान जवाब यही है अंग दान।

**अंगदान की बढ़ती मांगः** अकेले भारत में ही हर साल 63 हजार लोगों को गुर्दा प्रत्यारोपण यानी किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। लेकिन हर साल अंगदान के रूप में हासिल होने वाली किडनियों की संख्या 3000 से भी कम होती है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि अंग प्रत्यारोपण की जरूरत जिस रफ्तार से बढ़ रही है। इसी तरह हर साल भारत में 22,000 लोगों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है, मगर मुश्किल से 800 से 900 लोगों को ही अंगदान के जरिए यह सुविधा प्राप्त हो पाती है। भारत में प्रति 10 लाख लोगों के बीच अंगदान की दर 0.3 से 0.8 के आस-पास है।



**अवेयरनेस की है कमीः** सामाजिक जागरूकता और नीति प्रक्रिया की स्थिति कुछ ऐसी है कि सिर्फ भारत में ही नहीं, दुनिया के ज्यादातर देशों में अंगदान की गति बहुत धीमी है। इसलिए अंग दान जैसे दिवसों का पहले के मुकाबले आज कहीं ज्यादा महत्व है, क्योंकि इसी बहाने लोगों को अंग दान को लेकर जागरूक किया जा सकता है। इसलिए अंग दान जैसे दिवस भले इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि दुनिया के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस बारे में प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि दुनिया ज्यादा बेहतर और ज्यादा सुखी बन सके।

**पहले से बढ़ी है जागरूकताः** आज विश्व स्वास्थ्य संगठन और चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े तमाम संगठन और संस्थाएं अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम करती हैं, जिसके चलते अब धीरे-धीरे लोगों में यह भ्रम और झिझक खत्म हो रही है और अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बढ़ी है। लेकिन आज भी मांग और उपलब्धि के बीच में बहुत बड़ा अंतर है।

सिर्फ गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु ही दुनिया में कई लाख लोग हर समय प्रतीक्षारत रहते हैं और गुर्दा दान करने वाले लोगों की संख्या बेहद कम है। हालांकि पिछले कुछ सालों में पश्चिमी विकसित देशों में अंगदान की प्रक्रिया थोड़ी बेहतर हुई है और आज औसतन प्रति लाख 20 से 30 लोग अंगदान के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसमें सबसे ज्यादा प्रति लाख 30 लोगों का आंकड़ा स्पेन का है। लेकिन आज भी अंगदान देने वालों और चाहने वालों की संख्या में बहुत फर्क है। इसलिए इस दिन की खास महत्ता है कि लोगों को अंगदान के लिए प्रोत्साहित किया जाए और उन्हें समझाया जाए कि अंगदान ही महादान है। इसलिए अंग दान दिवस की महत्ता आज पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। *

### बचा सकते हैं कई लोगों की जान

आज भी शरीर का कोई भी अंग पूरी तरह से कृत्रिम नहीं बनाया जा सका, जो सौ फीसदी कारगर हो। आज भी 99.99 फीसदी अंग प्रत्यारोपण जीवित या मृत लोगों के द्वारा दिए गए अंगों के दान पर ही निर्भर है। ऐसे में कोई भी तकनीक चाहे कितनी ही उन्नत हो जाए, किसी काम की नहीं होगी, जब प्रत्यारोपण के लिए अंग ही न मौजूद हों। यही कारण है कि अंग प्रत्यारोपण दिवस पर पूरी दुनिया में अनेक मेडिकल संस्थाएं और एजेंसियां अंग दान संबंधी कार्यक्रमों के जरिए लोगों को इसके लिए प्रोत्साहित करती हैं। गौरतलब है कि अंग दान के प्रति उदासीनता के कारण हर साल 25 लाख से ज्यादा लोगों की या तो दुर्घटना के चलते या असाध्य बीमारियों के तहत मौत हो जाती है और अगर पूरी दुनिया में लोग अंग दान को लेकर सहज हो जाएं, तो हर साल इतने लोगों को असमय मृत्यु से बचाया जा सकता है।